

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 07 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-1 ■ वर्ष -41 ■ अंक-190 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 08 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा का समापन

**जगदलपुर.7 अक्टूबर।** 75 दिनों तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व का आज पारंपरिक विधि-विधान से समापन हुआ। अंतिम रस्म के रूप में मावली माता की डोली विदाई का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। शहर के गीदम रोड स्थित जिया डेरा मंदिर में मावली माता की पूजा-अर्चना माटी पुजारी और बस्तर राजपरिवार के सदस्य राजकुमार कमलचंद भंजदेव की मौजूदगी में हुई। पारंपरिक वेशभूषा में सजे स्थानीय ग्रामीणों ने गाजे-बाजे और ढोल नगाड़ों की थाप पर माता की डोली को विदाई दी। शहर में निकाली गई विशाल कलश यात्रा ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। परंपरा के अनुसार, कालांतर से बस्तर के राजा अन्नम देव स्वयं राजमहल से करीब तीन किलोमीटर पैदल चलकर माता की डोली को विदा करने पहुंचते थे।



आज भी वही परंपरा निभाई जाती है, जो बस्तर की सांस्कृतिक अस्मिता और विरासत का प्रतीक है। डोली को रवाना करने से पहले बंदूक की सलामी दी गई और जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं की आंखों में विदाई की नमी और भक्ति का भाव साफ झलक रहा था। मावली माता की डोली को परंपरा के तहत दंतेवाड़ा के लिए रवाना किया गया। इससे पहले मावली परघाव रस्म के दौरान माता की डोली को चार दिनों तक माई दंतेश्वरी मंदिर परिसर में रखा गया था, जहां भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ती रही। आज इस डोली विदाई के साथ ही 75 दिनों तक चला यह लोकोत्सव विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा संपन्न हुआ, जिसने एक बार फिर बस्तर की परंपराओं, आस्था और जनसहभागिता की अनूठी झलक पूरे देश को दिखाई।

## संक्षेप

### सेंट्रल जेल का कैदी अस्पताल से पुलिस को चमका देकर फरार

**अंबिकापुर.** अंबिकापुर के सेंट्रल जेल में हत्या मामले में सजा काट रहा कैदी अस्पताल से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. घटना सोमवार दोपहर की है. सूचना के बाद सुरक्षाकर्मीयों में हड़कंप मच गया. फरार कैदी की तलाश जारी है. जानकारी के मुताबिक, मर्डर केस में कैदी मुकेश कान्त की तबीयत खराब होने पर सेंट्रल जेल अंबिकापुर से मेडिकल कॉलेज अस्पताल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड में भर्ती कराया गया. सोमवार सुबह बाथरूम जाने के बहाने वह कैदी सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर मौके से फरार हो गया. सुरक्षाकर्मीयों में हड़कंप मच गया. इधर कैदी के भागने की सूचना मणिपुर थाने में दी गई है. जिसके बाद पुलिस फरार कैदी की तलाश कर रही है.

### अब अस्पताल नहीं कर पाएंगे कैशलेस इलाज से इंकार

**नई दिल्ली ,7 अक्टूबर ।** केंद्र सरकार ने देश के करीब 46 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ी राहत देते हुए केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना की दरों में एक दशक बाद बड़ा संशोधन किया है। इलाज की नई दरें 13 अक्टूबर से लागू हो जाएंगी, जिससे निजी अस्पतालों द्वारा कैशलेस इलाज से इनकार करने की समस्या खत्म होने की उम्मीद है। सरकार ने अस्पतालों के लिए दरों में औसतन 25-30त्न की बढ़ोतरी की है और सभी ष्टत्र॥स्-पैनलबद्ध अस्पतालों को नई दरें स्वीकार करने का सख्त निर्देश दिया है। पिछले कई सालों से यह एक बड़ी समस्या बन गई थी कि ष्टत्र॥स् से जुड़े ज्यादातर निजी अस्पताल पुरानी दरों को बहुत कम बताकर कैशलेस इलाज देने से मना कर देते थे। इससे कर्मचारियों और पेंशनर्स को इलाज का खर्च पहले अपनी जेब से देना पड़ता था और बाद में रिफंड के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था। वहीं, अस्पतालों का तर्क था कि 2014 के बाद से दरों में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ था, जबकि मेडिकल खर्चों में कई गुना वृद्धि हो चुकी है। कर्मचारी यूनियनों की लगातार मांग के बाद सरकार ने यह अहम फैसला लिया है।

### अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी से 4.30 घंटे हुई पूछताछ

**मुंबई ,7 अक्टूबर ।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (श्वह्रङ्ख) ने 60 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी का बयान दर्ज किया है। एक अधिकारी के अनुसार, शिल्पा से लगभग 4 घंटे 30 मिनट तक



पूछताछ की गई और उनके बयान को आधिकारिक रूप से रिकॉर्ड किया गया। ईओडब्ल्यू की टीम ने यह पूछताछ शिल्पा शेट्टी के घर पर की। इस दौरान शिल्पा ने अपनी ऐडवर्टाइजिंग कंपनी के बैंक खाते से जुड़े लेनदेन की जानकारी दी और कई दस्तावेज भी पेश किए, जिन्हें अब पुलिस जांच रही है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने बुधवार को शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा को कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। यह कपल लुकआउट सर्कुलर (रुह्रष्ट) के निलंबन के लिए कोर्ट पहुंचा था ताकि वे थाईलैंड के फुकेत में 2 से 5 अक्टूबर तक की अपनी यात्रा कर सकें। कपल की ओर से वकीलों ने बताया कि उनके पास यात्रा और ठहरने की पूरी बुकिंग है और उन्होंने पहले भी जांच एजेंसियों का सहयोग करते हुए विदेश यात्रा की है।

### झारखंड में तीन कफ सिरप पर लगा प्रतिबंध

**रांची ,7 अक्टूबर ।** झारखंड सरकार ने राज्य में तीन कफ सिरप की बिक्री और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। ये कार्रवाई उन रिपोर्ट्स के बाद की गई है, जिनमें बताया गया कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत संदिग्ध कफ सिरप के इस्तेमाल से हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय, नामकुम (रांची) की ओर से जारी आदेश के अनुसार, तीन कफ सिरप (कोल्ड्रेफ, रेपीफ्रेश टीआर और रिलाइफ सिरप) में डायइथाइलीन ग्लाइकॉल की मात्रा ज्यादा पाई गई है।

## छत्तीसगढ़ राज्योत्सव अबकी बार तीन की जगह पांच दिनों का होगा

**रायपुर,7 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ का राज्योत्सव इस बार बेहद खास होगा. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि अबकी बार 3 दिन की जगह 5 दिनों का आयोजन होगा. इसकी शुरुआत एक नवंबर से होगी.

राज्योत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, वहीं 5 नवंबर को समापन समारोह में उपराष्ट्रपति शामिल होंगे. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में जांजगीर में डकैती मामले में एनएसयूआई नेता की संलिप्तता पर कहा कि जांजगीर ही नहीं, जहां-जहां अपराध हुए वहां कांग्रेस की संलिप्तता मिली है. एक विधायक का रेत माफिया से वसूली का ऑडियो आया है. एक विधायक बलौदाबाजार आगजनी कांड में सहभागी रहे. एक विधायक शराब घोटाला मामले में जेल में बंद हैं. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अपराध की पटकथा लिख रही है. मै कांग्रेस के विपक्ष में हूं, तो मैं खिलाफ में तो बयान दूंगा ही, लेकिन आंकड़े भी सच्चाई कह रहे हैं, जो किसी से छिपा नहीं है. वहीं व्यापारी हेमंत चंद्राकर प्रकरण पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल के ट्वीट पर विजय शर्मा ने कहा कि उनके कार्यकाल में क्या-क्या हुआ, वो भूल गए. पुलिस अधिकारियों को तक नहीं छोड़ा गया, फर्जी प्रकरण बनाए गए. छत्तीसगढ़ में वर्किंग कल्चर ही खत्म हो गया था, इसलिए अब इन्हें हर चीज गलत दिखती है. विष्णुदेव सरकार में किसी अधिकारी पर जबरन काम का दबाव नहीं बनाया गया, अगर हुआ है तो एक उदाहरण बताएं. प्रशासन का काम प्रशासन और शासन का काम शासन कर रहा है.

## काशी में उमड़ी आस्था की भीड़

**काशी,7 अक्टूबर।** धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार को गंगा के घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर को मनाई गई। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि है। इस बार पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर को शाम 8:49 बजे शुरू हुई और 7 अक्टूबर 2025 को सुबह 9:18 बजे तक रही। मंगलवार तड़के भक्तों ने मां गंगा में स्नान कर पुण्य अर्जन किया और बाबा काशी विश्वनाथ, मां अन्नपूर्णा और संकट मोचन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। पूर्वांचल के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालु इस पवित्र दिन पर मां लक्ष्मी और



कुबेर की विशेष पूजा में शामिल हुए। शरद पूर्णिमा को शारदीय नवरात्रि का समापन और कार्तिक मास की शुरुआत से पहले का आखिरी दिन माना जाता है। इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व है, जिससे सुख-समृद्धि की कामना पूरी होती है। हालांकि इस बार गंगा में जलस्तर बढ़ने के कारण भीड़ पिछले वर्षों की तुलना में कम रही। श्रद्धालु प्रेम कुमार ने बातचीत में कहा, "मैंने गंगा में स्नान किया और अब बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए जा रहा हूं। यहां आकर मुझे जो आनंद मिला, उसे शब्दों में बयान नहीं कर सकता।" अर्चना शर्मा ने कहा, "मैं प्रार्थना करती हूं कि भगवान सबका भला करें, विश्व में शांति हो और आतंक, बाढ़, प्रलय जैसी आपदाएं खत्म हों। गंगा स्नान और दर्शन के बाद मुझे बहुत शांति मिली है। यहां आकर सारे दुख भूल गए हैं।" गजानंद पांडे ने बताया, "शरद पूर्णिमा का स्नान और दान परिवार में सुख-समृद्धि लाता है। गंगा स्नान के बाद हम बाबा विश्वनाथ के दर्शन करते हैं। इस बार जलस्तर बढ़ने से भीड़ कम है वरना हर साल घाटों पर भारी भीड़ होती थी।" संजीव ने कहा, "काशी पावन नगरी है।

## सीजेआई गवई पर जूता फेंकने वाले वकील ने कहा- मुझे बिल्कुल अफसोस नहीं

**नई दिल्ली,7 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट के अंदर भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई पर जूता फेंकने का प्रयास करने वाले निलंबित वकील राकेश किशोर ने कहा कि वह सीजेआई की टिप्पणी से बहुत आहत हैं और उन्होंने न्यायपालिका पर सनातन धर्म से जुड़े मुद्दों के प्रति पक्षपाती होने का आरोप लगाया। अदालत कक्ष की घटना के दौरान सुरक्षाकर्मी की भूमिका निभाने वाले को बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने निलंबित कर दिया है। मंगलवार को इस घटना के बाद समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि उन्होंने गुस्से से नहीं, बल्कि हिंदू प्रथाओं में बार-बार न्यायिक हस्तक्षेप से उत्पन्न भावनात्मक पीड़ा से प्रेरित होकर ऐसा किया था। राकेश किशोर ने कहा कि उन्हें अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। किशोर ने कहा कि नहीं, बात यह है कि मैं बहुत आहत हुआ। 16 सितंबर को एक व्यक्ति ने मुख्य न्यायाधीश की अदालत में एक जनहित याचिका (PIL) दायर की थी। जस्टिस गवई ने इसका पूरी तरह से मज़ाक उड़ाया। मज़ाक इस मायने में कि उन्होंने कहा, 'जाओ मूर्ति से प्रार्थना करो, मूर्ति से कहो कि वह अपना सिर वापस कर दे। सीजेआई गवई की टिप्पणी सुनने के बाद से उसकी नींद उड़ गई थी। रोज रात को भगवान मुझसे पूछते थे कि इतने अपमान के बाद मैं आराम कैसे कर सकता हूं? उन्होंने दावा किया कि जब मामले दूसरे समुदायों से जुड़े होते हैं तो न्यायपालिका अलग तरह से काम करती है। हम देखते हैं कि वही मुख्य न्यायाधीश दूसरे समुदायों के ख़िलाफ़ मामला आने पर बड़े कदम उठाते हैं। हल्द्वानी में रेलवे की ज़मीन पर एक ख़ास समुदाय ने कब्ज़ा कर रखा है। जब अतिक्रमण हटाने की कोशिश की गई, तो सुप्रीम कोर्ट ने तीन साल पहले रोक लगा दी थी, जो आज भी लागू है।



## पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर के साथ खड़े हुए संघ के पूर्व प्रचारक

**रायपुर,7 अक्टूबर।** पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर का कोरबा कलेक्टर को हटाने के लिए शुरू किया गया अभियान अब एक नया मोड़ ले लिया है. भाजपा नेता को अप्रत्याशित रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक राजेंद्र जी का साथ मिला है, जिन्होंने कोरबा कलेक्टर पर किसी के दामाद होने की वजह से नहीं हटाए जाने की बात कही है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक राजेंद्र जी का यह बयान सियासी गलियारों में तेजी से वायरल हो रहा है. राजेंद्र जी कभी छत्तीसगढ़ आरएसएस के प्रांत प्रचारक रह चुके हैं. बताया जाता है कि इन्होंने ही रायपुर के वीआईपी रोड स्थित भव्य राम मंदिर की रूपरेखा तैयार की थी. और उसके बाद मंदिर का निर्माण भी उन्ही की देखरेख में पूरा हुआ था. राजेंद्र जी के बयान पर जहां सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने प्रतिक्रिया देने से इनकार किया है. वहीं विपक्ष ननकी राम कंवर की पूरी मुहिम को हाथों-हाथ लिया है. कांग्रेस पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि बृजमोहन और विजय बघेल के बाद ननकीराम भाजपा के तीसरे मर्द नेता हैं. कांग्रेस ननकीराम कंवर के धरने का समर्थन करती है. बता दें कि ननकीराम अपनी ही सरकार के खिलाफ मुख्यमंत्री हाउस के बाहर धरने पर बैठने से पहले ही रायपुर पुलिस ने कंवर को हाउस अरेस्ट करने के बाद कुशाभाऊ ठाकरे परिसर लाया गया. इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव से कंवर की मुलाकात करते हुए मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है. इसके बाद से कंवर रायपुर के विधायक कॉलोनी में ठहरे हुए हैं.

## झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाने के बाद बच्चे की मौत

**बिलासपुर,7 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के मामले के बाद अब छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है. झोलछाप डॉक्टर के इलाज से एक मासूम बच्चे की जान जाने का आरोप है. परिजनों का आरोप है कि 8 वर्षीय बच्चे की मौत डाक्टर द्वारा लगाए गए इंजेक्शन के कारण हो गई है. सोमवार को परिजनों ने उसे सिम्स लेकर आए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है. जानकारी के अनुसार, पूरा मामला सरगांव थाना इलाके के धरदई गांव का है. रविंद्र यादव अपने बेटे को बच्चे सोमवार सुबह सिम्स लेकर पहुंचे थे. बच्चे की हालत पिछले कुछ दिनों से खराब थी, जिसके चलते उसे फीवर और सर्दी हो चुका था. लेकिन सिम्स पहुंचने तक 8 वर्षीय बच्चे ने दम तोड़ दिया. परिजनों ने बताया कि उनका बेटा युग यादव 8 वर्ष का था और कुछ दिन पहले अपनी नानी के घर मनेन्द्रगढ़ गया था. जहां वह बीमार हो गया, घर के लोगों ने एक झोलाछाप डाक्टर से इलाज कराया. इलाज के दौरान झोलाछाप डाक्टर ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया था.

## पाक में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर फिर हमला

**करांची,7 अक्टूबर।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर एक बार फिर से हमला हुआ है। इस बार भी बलूच विद्रोहियों ने ट्रेन को निशाने पर लिया है। बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा जा रही ट्रेन को सुल्तानकोट इलाके के पास निशाना बनाया गया। यह कस्बा सिंध और बलूचिस्तान की सीमा पर स्थित है। इससे पहले इसी साल मार्च में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हमला हुआ था। यह हमला IED ब्लास्ट के जरिए हुआ। खबरों के मुताबिक यह बम पटरी पर रखा गया था, जिसमें धमाका हुआ तो ट्रेन के 6 डिब्बे ही पटरी से उतर गए। इस बम धमाके में कई लोग घायल हुए हैं। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच विद्रोही संगठन बलोच रिपब्लिक गाड्र्स ने ली है। बलूच विद्रोहियों का कहना है कि हमने इसलिए



ट्रेन को निशाने पर लिया क्योंकि उसमें पाकिस्तानी सेना के जवान सवार थे। एक बयान में बलोच रिपब्लिक गाड्र्स ने लिखा है, 'ट्रेन पर उस वक्त हमला किया गया, जब उस पर पाकिस्तानी सेना के जवान सवार थे। इस विस्फोट के चलते पाकिस्तानी सेना के कई लोग मारे गए हैं और कुछ घायल हुए हैं। बम धमाके के कारण ट्रेन के 6 कोच पटरी से उतर गए हैं।' यही नहीं बलोच रिपब्लिक गाड्र्स का कहना है कि हमारी ओर से भविष्य में भी ऐसे ऑपरेशन जारी रहेंगे। संगठन का कहना है कि बलूचिस्तान को पाकिस्तान से आजाद कराने तक हमारा यह संघर्ष जारी रहेगा। पाकिस्तानी सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और बचाव अभियान जारी है। सोशल मीडिया पर घटनास्थल के कई वीडियो और तस्वीरें भी आई हैं। अब तक किसी की भी मौत की खबर नहीं है। इसी ट्रेन पर मार्च में भी बड़ा हमला बलूच विद्रोहियों ने किया था। तब बोलन पास नाम की एक जगह पर ट्रेन को बंधक ही बना लिया गया था और उस दौरान 400 यात्री सवार थे। हमले के दौरान तब भी विस्फोट करके पटरियों को उड़ा दिया गया था। इसके चलते आग लग गई थी और कई सुरक्षाकर्मी मारे भी गए थे। कई घंटों के ऑपरेशन के बाद पाकिस्तानी सैनिक ट्रेन को मुक्त कराने में सफल हो पाए थे।

## महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर विपक्ष पर बरसे योगी आदित्यनाथ

लखनऊ,7 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान राम को गाली देते हैं, वे वास्तव में महर्षि वाल्मीकि का अपमान करते हैं, क्योंकि वाल्मीकि जी ने ही श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब महर्षि वाल्मीकि ने अपनी लेखनी चलाई, तो उन्होंने लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए नारद से प्रश्न किया कि कौन ऐसा चरित्रवान व्यक्ति है, जिसके जीवन पर मैं लिख सकूँ। उन्होंने राम के आदर्श जीवन को धर्म का साक्षात रूप बताया। योगी ने कहा कि जो लोग राम का अपमान करते हैं, वे देश की संस्कृति और आस्था का अपमान करते हैं। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह चौधरी, ब्रजेश पाठक, डॉ. दिनेश शर्मा और जयवीर सिंह सहित कई वरिष्ठ मंत्री भी मौजूद रहे। यूपी बीजेपी अध्यक्ष ने कहा कि भूपेंद्र सिंह चौधरी



ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से भारतीय संस्कृति को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित किया। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा सरकारों में दलितों के साथ भेदभाव और अत्याचार हुआ, जबकि भाजपा सरकार "सबका साथ, सबका विकास" के सिद्धांत पर काम कर रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि ब्रजेश पाठक ने कहा कि वाल्मीकि समाज के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी ने ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वाल्मीकि समाज से वोट तो लिए, लेकिन कभी उनका भला नहीं किया। सिर पर मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने का कार्य मोदी सरकार ने किया। डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि वाल्मीकि समाज भाजपा के लिए सिर्फ मित्र नहीं बल्कि परिवार है। वहीं, मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि योगी सरकार दलित और वंचित समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और वाल्मीकि समाज को सम्मान और अवसर देने के लिए समर्पित है।

## ज्योति सिंह ने पवन सिंह को दिया मीडिया के सामने आने का चैलेंज, कहा-चार दीवारी में नहीं होगी कोई बात

**नई दिल्ली ,07 अक्टूबर।** बिहार चुनाव से पहले ही भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह और ज्योति सिंह का विवाद गरमाता जा रहा है। पहले रिश्ते सुधारने के लिए पवन सिंह के घर पहुंची ज्योति सिंह ने हंगामा किया। उन्होंने पवन पर कई आरोप लगाए, जिसके बाद पवन सिंह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुलासा किया कि ज्योति बार-बार चुनाव लड़वाने की डिमांड कर रही हैं। अब एक बार फिर ज्योति ने सिंगर के नाम बड़ा पोस्ट लिखा है। उन्होंने पति पवन को मीडिया के सामने आकर बात करने का चैलेंज दिया है। ज्योति ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, सच क्या है, झूठ क्या है...ये मेरी देवतुल्य जनता को भी जानने का अधिकार है। हम सही हों या आप सही हों, कल हम मीडिया के सामने बैठते हैं। आप भी बैठिए, मैं भी बैठूंगी। अब चारदीवारी के अंदर कोई बात नहीं होगी। मैं जानती हूं कि मैं अपनी बात सिद्ध कर सकती हूं, अगर आप भी ऐसा कर सकते हैं तो हमारी देवतुल्य जनता के सामने आइए और खुलकर बात कीजिए और साबित कीजिए कि मैं गलत हूं। ज्योति ने काफी लंबा पोस्ट लिखा है। इससे पहले पवन सिंह ने भी सोशल मीडिया पर ज्योति सिंह को लेकर काफी कुछ लिखा था। उन्होंने चुनाव लड़वाने का दबाव बनाने का आरोप ज्योति सिंह पर लगाया। उन्होंने लिखा था, कल सुबह जब आप मेरी सोसायटी में आईं तो मैंने ससम्मान आपको अपने घर बुलाया और करीब डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई, लेकिन आपकी बस एक ही रट थी कि मुझे चुनाव लड़वाइए कैसे भी, जो मेरे वश की बात नहीं।इस विवाद के चलते पवन सिंह को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। पवन सिंह पर आरोप लग रहे हैं कि जब वहअपना घर नहीं संभाल सकते हैं तो जनता को कैसे संभालेंगे। सोशल मीडिया पर सिंगर के पोस्टर तक जलाए जा रहे हैं।

# 76 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए हुआ अनुबंध



**कवर्धा, 7 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का विस्तार जिले के और 76 ग्राम पंचायतों में हो रहा है जिसके लिए आज जिला पंचायत के सभा कक्ष भवन में सरपंच एवं कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई के मध्य अनुबंध किया गया है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू ने सभी सरपंच एवं वीएलई को संबोधित करते हुए कहां की जिले के ग्रामीणों को डिजिटल इंडिया के तहत अनेक सुविधाएं अब उनके गांव में ही प्राप्त होगा और इसके लिए उन्हें शहर की ओर नहीं आना पड़ेगा।अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों के श्रम एवं धन की बचत होगी तथा अल्प समय में उन्हें महत्वपूर्ण दस्तावेज गांव में प्राप्त होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा की जिले में अभी तक130 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं मिल रही है। गांव में विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़े वित्तीय लेनदेन के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र,बी-1, नक्शा खसरा आदि मिल रहा है। इसके साथ ही स्थानीय स्तर पर नव रोजगार का सृजन हो रहा है जो ग्रामीण युवाओं के लिए लाभदायक होगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी ने कहा कि शासन का लगातार प्रयास है कि ग्रामीणों को अधिक से अधिक सुविधाएं उनके गांव में प्राप्त हो।अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के द्वारा सभी महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं वित्तीय लेनदेन अब ग्रामीणों को प्राप्त करना पहले से और सुगम होगा। एमओयू के दौरान उपसंचालक पंचायत श्री राज तिवारी जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में सरपंच,सचिव एवं कॉमन सर्विस सेंटर के वीएलई कार्यक्रम में उपस्थित रहेजिले के वह ग्राम पंचायत जहां सुविधाओं का विस्तार होगा जनपद पंचायत बोड़ला के 21 ग्राम पंचायत जिसमे भरपहरी, बोदा 47, बोलदाकला, चोरभट्ठी, गंडई कला, गंडई खुर्द, केसमर्दा, खारा, लोहारीडीह, महली, महाराजपुर, मारियाटोला, मुड़घुसरी, नवागांव, पोड़ी, सरईपतेरा, सारंगपुर कला, सारेखा, सिंघनपुरी, तारेगांव जंगल, तितरी। जनपद पंचायत कवर्धा के 18 ग्राम पंचायत बिजई,चरडोंगरी, दशरंगपुर, दौजरी, धमकी, धरमपुरा, गांगपुर, ग्रानपुर, झलमला, कुटकीपारा, लालपुरकला, मैनपुरी, मानिकचौरी, नावघाटा, रवेली, सेमो, सोनपरी गुढ़ा।जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के 16 ग्राम पंचायत बांधी, चंदैनी, धनौरा, गंगापुर, गोरखपुर, गोरखपुर खुर्द, गोरहुमर, हरदी, जरहाटोला, कोहड़िया, सिंघनपुरी मैदान, कोयलारी, पटपर, रंजीतपुर, सिंघनगढ़जनपद पंचायत पंडरिया के 21 ग्राम पंचायत अतरियाखुर्द, भरेवापुरण, चरखुराकला, छीतापारकला, डबरी, दामापुर, देवसरा, डोमसरा, झिरियाखुर्द, खैरझिटी नया, खरहट्ठा, कुम्ही, लिमहईपुर, नानापुरी, नरौली, नेउरगांव, प्रतापपुर, पटुवा, पैड़ीकला, सोमनापुर, सूरजपुरकला।

जन्म/मृत्यु पंजीयन एवं प्रमाण पत्र,आय/निवास/जाति प्रमाण पत्र,विवाह पंजीयन,राजस्व सेवाएं हेतु आवेदन। वित्तीय सुविधा -नगद आहरण,फण्ड ट्रांसफर, ऑनलाइन बीमा सुविधाएं जीवन,सामान्य और कृषि,पेंशन पैन कार्ड आदि।

**सीएससी की सुविधा** -विभिन्न सरकारी योजनाओं पर आवेदन,बिजली बिल भुगतान,यात्रा टिकट बुकिंग,ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के माध्यम से प्रमाण पत्र। उल्लेखनीय है कि अब कबीरधाम जिले के 206 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का संचालन वनांचल क्षेत्र से लेकर मैदानी क्षेत्रों तक किया जाएगा। इस केंद्र से स्थानीय ग्रामीण आबादी बड़ी मात्रा मे लाभान्वित होगी और शासन की बहुत सी योजनाओं का लाभ एकल खिड़की के माध्यम से उनके गांव में प्राप्त होगा।

## कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक

**मोहला 7 अक्टूबर ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्ट्रेट वीसी कक्ष में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, सीएमएचओ श्री डॉ. विजय खोब्रागढ़े, महिला बाल विकास विभाग अधिकारी श्री चन्द्रशेखर मिश्रा सहित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान, वयवंदन, मातृत्व स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, निक्षय पोर्टल, सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली।

## एक नजर



### चिट्टा तस्करी,3 गिरफ्तार

**भिलाई,7 अक्टूबर।** भिलाई नशे के खिलाफ चल रहे विश्वास अभियान के तहत दुर्ग पुलिस ने चिट्टा तस्करी के संगठित नेटवर्क पर एक और बड़ी कार्रवाई की है मोहन नगर थाने पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने सोमवार को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है इसके साथ ही इस गिरोह से जुड़े कुल 24 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है आरोपियों के खिलाफ धारा 21 (ख), 27 क, 27 एनडीपीएस एक्ट, 111 (2) ख बीएनएस 2023 के तहत कार्रवाई की गई मोहन नगर पुलिस ने बताया कि आरोपी पंजाब से चिट्टा (हेरोइन) मंगाकर दुर्ग-भिलाई में बिक्री करते थे। यह गिरोह पूरी सप्लाई चेन बनाकर नशे का कारोबार चला रहा था आरोपी आपस में वाट्सएप कॉल और ऑनलाइन माध्यम से लेन-देन कर रहे थे गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आशीष सिंह उर्फ मुज्जी निवासी कुरूद थाना जामुल, लोकेश अवस्थी उर्फ लक्की निवासी देवार मोहल्ला खुर्सीपार, अजय सोनी निवासी हाउसिंग बोर्ड थाना जामुल शामिल हैं पुलिस ने आरोपियों के पास से 5 मोबाइल फोन जब्त किया है जिनका उपयोग नशे के सौदों में किया जाता था अब तक इस मामले में 21 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान जारी है पुलिस का कहना है कि गिरोह के पंजाब से जुड़े तारों की भी जांच की जा रही है और नेटवर्क के बाकी सदस्यों की तलाश जारी है।

### विवाद में पुत्र ने पिता की हत्या की



**भिलाई,7 अक्टूबर।** भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र के शराब के करण एक और परिवार उजड़ गया शराब पीकर गाली-गलौज कर विवाद करने पर गुस्साए बेटे ने अपने ही पिता की जान ले ली पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है 4 अक्टूबर की रात 8.30 बजे निवासी ग्राम अकोला गजेन्द्र ने अपने पिता होरी लाल साहू (60 साल) को शराब पीकर गाली गलौज करने पर वहीं हाथ, थप्पड़, मुक्का से बाए आंख, माथा, मुंह, नाक में मारपीट करने से उसके पिता होरी लाल को चोटें आई इससे होरी लाल साहू की मौत हो गई कुम्हारी प्रभारी योगेश्वर वर्मा ने बताया कि मर्ग जांच के दौरान मृतक होरीलाल साहू का शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में सिर में आयी चोटों के कारण मौत होना पाया गया मर्ग जांच के दौरान पता चला कि 4 अक्टूबर को मृतक का पुत्र गजेन्द्र साहू मारपीट करना पाया गया मारपीट करने से आई चोटों के कारण होरीलाल साहू की मौत हो गई कुम्हारी थाने पुलिस ने आरोपी गजेन्द्र साहू के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### गोविंद पाल की पुस्तक कादंबरी सम्मान के लिए चयनित

**भिलाई,7 अक्टूबर।** मुक्तकंठ साहित्य समिति के अध्यक्ष एवं लब्धप्रतिष्ठित कवि साहित्यकार अनुवादक गोविंद पाल द्वारा अनुवादित कहानी संग्रह अचानक का चुनाव स्व. विवेक मिश्रा कादंबरी सम्मान - 2025 के लिए चयनित हुई है। यह सम्मान गोविंद पाल को 22 नवंबर 2025 को जबलपुर शहर शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में एक भव्य समारोह में यह सम्मान प्रदान किया जायेगा। सम्मान स्वरूप पाल को शाल श्रीफल प्रतीक चिह्न प्रशस्ति पत्र व सम्मान राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मान समारोह में विभिन्न विधाओं में लिखने वाले पूरे हिन्दुस्तान के साहित्यिकार लोग भी उपस्थित रहेंगे । अनुवाद साहित्य के लिए एक मात्र सम्मान गोविंद पाल - भिलाई छत्तीसगढ़ को प्रदान किया जायेगा।

### बिजली कंपनी के दफ्तर में चोरी

**भिलाई,7 अक्टूबर।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र के 32 बंगला स्थित बिजली कंपनी के दफ्तर में ही चोरी हो गई अज्ञात चोर खिड़की में लगे कूलर को हटाकर दफ्तर के अंदर घुसा इसके बाद घटना को अंजाम दिया। घटना 4 अक्टूबर के दोपहर करीब ढाई बजे से 6 अक्टूबर की सुबह साढ़े 10 बजे के बीच की है। मामले में सहायक अभियंता मनीष चंद्रवंशी ने शिकायत की। उन्होंने बताया कि दफ्तर के अंदर से 5 नग मॉनीटर, 8 नग सीपीयू, 6 यूपीएस, 1 नग प्रिंटर, 1 नद इंडक्शन सहित अन्य सामान गायब है कम्प्यूटर सिस्टम में 15 साल पुराना रिकार्ड था। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है पुलिस ने बताया कि चोर खिड़की के रास्ते दफ्तर में घुसा बड़े ही इतमिनान से घटना को अंजाम दिया।

### कर्मचारियों को दीपावली से पहले मिला खुशियों का तोहफा

**दुर्ग,7 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा दीपावली पर्व से पहले कर्मचारियों को बड़ी सौगात दी गई है। महापौर श्रीमती अलका बाघमार एवं वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे की पहल पर 56 कर्मचारियों को एक साथ एकमुश्त उपादान राशि प्रदान की जाएगी। इस वितरण कार्यक्रम का आयोजन 7 अक्टूबर को मोतीलाल सभागार में 3 बजे किया जाएगा।इस अवसर पर कुल 1.1586780 रुपए,एक करोड़ 15 लाख 86 हजार 780 रुपए की राशि जीवित एवं मृत्यु दोनों श्रेणी के कर्मचारियों को दी।

# निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-01 अंतर्गत टेनिस ग्राउण्ड, पुष्पक नगर में अवैध प्लाटिंग सहित फरीद नगर लिम्हा तालाब का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत द्वारा वार्ड क्रमांक-02 स्मृति नगर टेनिस ग्राउण्ड का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने निर्देशित किया गया है। पुष्पक नगर होटल इंपीरियल के पीछे भू-माफियाओं द्वारा अवैध प्लाटिंग कर आम नागरिको को विक्रय किया गया है, नागरिको द्वारा नगर निगम भिलाई से बिना भवन अनुज्ञा लिए मकान निर्माण कर लिया गया है, उक्त स्थल का अवलोकन कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। वार्ड क्रमांक-11 फरीद नगर स्थित लिम्हा तालाब का निरीक्षण कर तालाब के जलकुम्भी की साफ-सफाई कराने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, क्रिस्टोफर पाल उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**महासमुंद, 7 अक्टूबर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागीय योजनाओं, विभागवार लंबित मामलों एवं कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित सभी ब्लॉक स्तरीय संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर श्री लंगेह ने 12 एवं 13 अक्टूबर को होने वाले कलेक्टर कांफ्रेंस की तैयारी के संबंध में विभागों से प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभागों द्वारा किए गए ।

# उप निरीक्षक भुवनेश्वरी राठौर निरीक्षक पद पर पदोन्नत पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर नई जिम्मेदारी सौंपी



**कवर्धा,7 अक्टूबर।** पुलिस महानिदेशक, नया रायपुर (छत्तीसगढ़) के आदेशानुसार जारी योग्यता सूची वर्ष 2025 के अंतर्गत जिला कबीरधाम के महिला थाना में पदस्थ उप निरीक्षक श्रीमती भुवनेश्वरी राठौर को निरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। 6 अक्टूबर 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा एक कंधे पर स्टार लगाया गया तथा दूसरे कंधे पर पदोन्नत महिला अधिकारी के पति श्री योगेश राठौर द्वारा स्टार लगाकर नई जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक श्री आशीष शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि पदोन्नति केवल पद और प्रतीक की वृद्धि नहीं, बल्कि यह अधिकारी की निष्ठा, प्रतिबद्धता और कार्यकुशलता की सराहना है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्रीमती भुवनेश्वरी राठौर अपने अनुभव, समर्पण और दक्षता से विभाग की गरिमा और प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगी। कार्यक्रम के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत अधिकारी को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों एवं परिवारजन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त कीं।

# सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 25 दिसम्बर तक




**भिलाईनगर।** सांसद खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ 6 अक्टूबर 2025 से किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य संसदीय क्षेत्र में जमीनी स्तर पर खेल आंदोलन का नेतृत्व करने हेतु सशक्त बनाना। यह महोत्सव मंत्रालय की दृष्टि के अनुरूप खेल संस्कृति को बढ़ावा देने, स्वदेशी एवं मुख्यधारा खेल को प्रोत्साहित करने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा फिट इंडिया आंदोलन का समर्थन करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह खेल संसदीय क्षेत्रों में योजना, क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार एवं विरासत निर्माण के लिए एक समान एवं उच्च मानक सुनिश्चित करेगा तथा जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान पर विशेष ध्यान देगा सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीयन की तिथि 11 सितम्बर से 25 सितम्बर 2025 तक किया जा चुका है। इसमें व्यक्तिगत खेल एथेलिटिक्स, गेड़ी, योगासन, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, फुगड़ी एवं सुरीली कुर्सी एवं सामूहिक खेलों में वालीबॉल, खो-खो एवं कबड्डी को शामिल किया गया है। इस खेल में महिला, पुरूष, दिव्यांग प्रतिभागी की आयु 9 से 15 वर्ष, 15 से 30 वर्ष व 30 से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते है। खेल का लेवल ग्राम पंचायत व नगरीय प्रशासन वार्ड में 6 से 10 अक्टूबर, कलस्टर व नगरीय में 11 से 17 अक्टूबर, विधानसभा क्षेत्र में 10 से 15 नवम्बर एवं लोकसभा क्षेत्रों में 23 से 25 दिसम्बर तक खेला जाएगा। नगरीय क्षेत्रों में प्रतियोगिता आयोजन के नोडल अधिकारी आयुक्त एवं नगर पालिक अधिकारी होगें। खेल के दौरान विधानसभा भिलाईनगर-65 के लिए ड्रेस कलर लाल-निला एवं वैशालीनगर-66 के लिए गुलाबी रखा गया हैनगर पालिक निगम भिलाई शहर के प्रतिभागी एवं इच्छुक महिला/पुरूष से अपील करती है कि इस खेल महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने हुनर को आगे बढ़ाने का लाभ उठावें। खेल में विजेता खिलाड़िको को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित भी किया जाएगा।



### बाजारों में हो समुचित व्यवस्था, जिलाधीश से मिला चेम्बर का दल

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई की सक्रियता से बाजारों में त्योहारी सीजन पर प्रकाश व्यवस्था,पार्किंग व्यवस्था व स्ट्रीट लाइट सारी व्यवस्था पूर्ण हो जायेगी।इन सारी व्यवस्थाओ के लिए आज भिलाई चेम्बर का एक दल प्रदेश महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह से मिला।आवेदन के माध्यम से भिलाई चेम्बर ने मांग की कि भिलाई की सभी बजारो में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त हो और पार्किंग स्थल पर भी प्रकाश व्यवस्था की जाए ताकि बाजार में आने वाले ग्राहको को परेशानी न हो। अजय भसीन ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए कलेक्टर महोदय से निवेदन किया कि नगर निगम के माध्यम से बाजारो को रोशन करवाने की कृपा करें।त्योहारी सीजन में नगर निगम के अधिकारी पसरा लगाने वालों को मार्किंग कर सुनिश्चित जगह दे ताकि रोड ,रास्ते ब्लाक न हो। कलेक्टर ने कहा कि भिलाई चेम्बर की यह सक्रियता ग्राहकों व दुकानदारों के लिए लाभदायक होगी ।

# सेल ने स्वदेशी स्टील से नौसेना के आईएनएस आन्द्रोत को दी मजबूती

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर, ।** देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात निर्माता और महारत्न कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आईएनएस आन्द्रोत के लिए विशेष ग्रेड स्टील की पूरी ज़रूरत की आपूर्ति की है, जिसे आज 6 अक्टूबर, 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। यह भारत की नौसेना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है।आईएनएस आन्द्रोत, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट श्रृंखला का दूसरा युद्धपोत है। इस श्रृंखला का पहला शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अर्नाला था, जिसे 18 जून 2025 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।सेल ने उल्लेखनीय योगदान देते हुए, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित आठ एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट युद्धपोतों - जिसमें अर्नाला और आन्द्रोत शामिल हैं - के लिए आवश्यक सम्पूर्ण विशेष ग्रेड स्टील, जिसमें एचआर शीट्स और प्लेट्स शामिल हैं, की आपूर्ति की है। इस विशेष ग्रेड इस्पात की आपूर्ति सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों से की गई है। आईएनएस आन्द्रोत का कमीशन भारत की समुद्री क्षमताओं के विस्तार और आत्मनिर्भर भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सेल इस राष्ट्रीय प्रयास के लिए अपने सहयोग को फिर से दोहराते हुए, स्वदेशी स्टील उत्पादन के जरिये रणनीतिक रक्षा अवसंरचना को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### रोजगार दिवस पर ग्रामीणों को मिलेगी क्यूआर कोड प्रणाली की जानकारी

**दुर्ग, 7 अक्टूबर ।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में एक नई डिजिटल पहल की जा रही है।

# राष्ट्रीय सम्मेलन के सुझाव पर अमल करेगी राज्य सरकार:नेताम



**दुर्ग, 7 अक्टूबर।** प्रदेश के आदिमजाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन, पशुधन विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में इंडियन वेटनरी एसोसिएशन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में वन हेल्थ सिनर्जी (एक स्वास्थ्य तालमेल) को मज़बूत करना- 'अंतर-क्षेत्रीय नवाचार और एकीकरण के माध्यम से एएमआर (एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध) का मुकाबला' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आज शुभारंभ हुआ। स्थानीय पृथ्वी पैलेस पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा एवं ललित चंद्राकर और जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि यह दो दिवसीय सम्मेलन पशु एवं मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण और वन्य जीवों के बीच बहुक्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की हमारी साझा प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। जिसका उद्देश्य वन हेल्थ फ्रेमवर्क के अंतर्गत एन्टीमाइक्रोबियल रेसिसटेंस (एएमआर) की बढ़ती चुनौती से प्रभावी ढंग से निराकरण करना है। उन्होंने आयोजकों से कहा कि इस सम्मेलन में दिए गए सुझाव को केन्द्र व राज्य सरकार को अवगत कराएं। ताकि इसका क्रियान्यन सरकार द्वारा और बेहतर ढ़ंग से किया जा सके। उन्होंने कहा कि समय के साथ दवाईयों पर अनुसंधान भी बढ़े है। इनके उपयोग पर मानव आज उलझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उपयोग हेतु बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना आज भी एक चुनौती है। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से पशु पालन को बढ़ावा दिया जा सकता है। साथ ही कृषि के मामले में जैविक खेती पर जोर देते हुए कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे आना चाहिए। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे जैविक खेती को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और वैज्ञानिक तकनीको को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने का प्रयास करें। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि विकसित भारत के साथ विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए कृषि एवं पशुपालन विभाग के माध्यम से किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने दुर्ग ग्रामीण विधायक श्री चंद्राकर की मांग पर कामधेनु विश्वविद्यालय अंतर्गत दुर्ग में कृषि महाविद्यालय की घोषणा की। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने विश्वविद्यालय की स्मारिका, सोवेनियर बकरी प्रशिक्षण कैलेण्डर 2026 का विमोचन किया।सांसद श्री विजय बघेल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में दुर्ग में राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सम्मेलन के दौरान विषय विशेषज्ञों के सुझावों से प्रदेश में पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का सुझाव शासन को प्रेषित किया जाए, जिससे राज्य के नीति निर्धारण में इन सुझावों को समावेशित किया जा सके। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री जी की सोच के अनुरूप संबंधित विभाग एन्टीमाइक्रोबियल रेसिसटेंस (एएमआर) की बढ़ती चुनौती पर प्रभावी ढ़ंग से कार्य कर रहें है।

## समाचार संक्षेप

### निगम कुर्की टीम ने बकाया संपत्तिकर 126958 रुपये जमा कराए



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत निवासरत भवन/भूमि स्वामीयों द्वारा अपने बकाया संपत्तिकर की राशि निगम कोष में जमा नहीं कर रहे हैं। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की की कार्यवाही सभी जोन क्षेत्र में जारी है। भिलाई निगम क्षेत्र के बकाया संपत्ति कर वसूली हेतु कुर्की टीम गठित की गई है। बकायेदारों के घर जमीन या भवन कुर्की के लिए टीम घरों में पहुंच रहे हैं। किंतु कुर्की की स्थिति निर्मित होने के पूर्व बकायेदारों द्वारा राशि जमा कर दी गई है जो भी बकायेदार हैं राशि निगम कोष में अविलंब जमा करें, अन्यथा संपत्ति कुर्की कर राशि वसूल की जाएगी। जोन 04 अंतर्गत वार्डो में संपत्तिकर बकायादारों के विरूद्ध प्रचलित कुर्की वारंट के परिपेक्ष्य में चार संपत्तिकर दाताओं से 1,26,958 रूपये निगम कोष में जमा कराये है। नगर पालिक निगम भिलाई शहर के समस्त संपत्तिकर एवं जलकर बकायादारों से अपील करती है कि अपने बकाया करों का भुगतान नगर निगम मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में जाकर जमा करें, अन्यथा कुर्की जैसी अप्रिय स्थिति निर्मित होने की जिम्मेदारी आपकी होगी।

### दीपावली में पटाखा बाजार जेआरडी स्कूल मैदान में लगेगा

**दुर्ग,7 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा दीपावली पर्व के मद्देनज़र फटाका विक्रय की अनुमति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत फटाका दुकानों के लिए अस्थायी स्टॉल लगाने की व्यवस्था की जा रही है।जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन हेतु निगम ने नियम एवं शर्तें तय की हैं। इसके अनुसार, वार्ड क्रमांक 39 स्थित जे.आर.डी. स्कूल के पीछे मैदान में अस्थायी फटाका बाजार लगाया जाएगा, जोहाँ पर अधिकृत व्यवसायियों को ही विक्रय की अनुमति दी जाएगी।निगम बाज़ार विभाग के अनुसार, इच्छुक व्यापारी 8 अक्टूबर 2025 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। इसके पश्चात 9 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे लॉटरी प्रणाली के माध्यम से स्टॉल का आबंटन किया जाएगाप्रत्येक अस्थायी स्टॉल का आकार 10×15 फीट निर्धारित किया गया है तथा शुल्क 3,300 रुपये रखा गया है। संबंधित नियम-शर्तों का अवलोकन इच्छुक व्यापारी बाजार विभाग कार्यालय में कर सकते हैं। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि फटाका विक्रय केवल उसी स्थल पर और निर्धारित अवधि तक ही अनुमत होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की जाएगी।

### सेवा सहकारी समिति कोडिया में बनाए रखने की किसानों ने की मांग

**दुर्ग, 7 अक्टूबर ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री हितेश पिस्दा एवं श्री उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 92 आवेदन प्राप्त हुए।ग्राम पथरिया एवं सहगांव के समस्त किसानों ने सेवा सहकारी समिति को कोडिया में रखने आवेदन दिया। किसानों ने बताया कि वे कई वर्षों से खाद-बीज व कृषि ऋण का लेन-देन कोडिया समिति से ही करते आ रहे हैं और धान खरीदी केन्द्र कोडिया ही उनके लिए सुविधाजनक है।

## एक नजर

### टाटा मैजिक की टक्कर से स्कूटी सवार तीन लोग घायल

**डोंगरगढ़ 7 अक्टूबर।** खैरागढ़ रोड में स्थित आरा मशीन के पास एक तेज रफ्तार टाटा मैजिक वाहन क्रमांक छ्त्र 07 क्क्षु 7316 के चालक ने लापरवाही पूर्वक स्कूटी सवार संदीप चौहान निवासी बीड़ी क्वार्टर डोंगरगढ़ को ठोकर मारकर मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टाटा मैजिक के चालक ने ठोकर मारने के बाद स्कूटी सवार को लगभग 20 फीट तक घसीटा और मौके से फरार हो गया। तत्काल मोहल्लेवासियों द्वारा डायल 112 को कॉल किया गया पर आने में देर होने से घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घायलों को ऑटो के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ ले जाया गया। उक्त घटना में संदीप और उनके बेटे प्रियांशु को सिर एवं चेहरे पर चोट आई है वहीं संदीप की पत्नी सुमन को सिर में गंभीर चोट आई है जिसका प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। मोहल्लेवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सड़कों पर तो हादसे होते हैं पर ये मार्ग हादसों की सड़क बन गया है इस रोड पर आए दिन एक्सीडेंट होते रहता है लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं देती। वहीं आवारा मवेशियों के बीच सड़क पर बैठने की वजह से भी कितनी दुर्घटना हो चुकी है जिसे देखने वाले दूर दूर तक नजर नहीं आते ? आपको बता दें कि कुछ समय पूर्व ही सड़क हादसों पर जनता के भारी आक्रोश के बाद लोक निर्माण विभाग ने डोंगरगढ़ खैरागढ़ मार्ग में कुछ जगह चिन्हित कर जल्दबाजी में अमानक और गुणवत्ताहीन ब्रेकर बनाया था जो कई जगह से टूट चुका है और दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन फिर से बेलगाम वाहनों पर लगाम लगाने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाएगी या फिर ऐसी घटनाओं पर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाने पब्लिक को ही मैदान में उतरना पड़ेगा।

### कबाड़ में तब्दील हुई धर्मशाला,दर्शनार्थी आवास सुविधा से वंचित

**डोंगरगढ़ 7 अक्टूबर।** दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मंदिर परिसर एवं मेला ग्राउंड के पास धर्मशाला बनाया गया है। इस धर्मशाला को नगर पालिका ने बंद कर कबाड बना दिया है। वहीं कम लागत में ठहरने के लिए 30 साल पहले बनाए गए टूरिस्ट लॉज को पालिका ने बिना करण के ही डिमेंटल करा दिया। कुछ जगह आश्रय स्थल तो बना दिया और आधी खाली जगह में राशि का दुरूपयोग कर निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। पालिका ने नीचे मंदिर मार्ग में 40 साल पहले धर्मशाला बनाया था। नीचे व्यवसायिक परिसर और पीछे और उपर में दर्शनार्थियों के लिए रूकने के लिए लॉज का निर्माण किया गया था। वर्तमान में धर्मशाला के कमरों को मुहैया करने के बजाय कबाड भर कर बंद कर दिया गया है। अब जहां दर्शनार्थी आवास सुविधा से वंचित हो रहे है वहीं पालिका को हर साल नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी तरह सतबहिनी मंदिर मार्ग में बनाए गए व्यवसायिक परिसर का आंबटन नहीं होने से दुकाने जर्जर हो गई है। इस परिसर में अज्ञात लोगों ने कब्जा कर रखा है।

### लाईवलीहुड कॉलेज में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 9 अक्टूबर को

**बलौदाबाजार,7 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु 9 अक्टूबर 2025 को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा लाईवलीहुड कॉलेज सकरी बलौदाबाजार में आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प सुबह 11 से 3 बजे तक आयोजित किया जायेगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक इन्फिनिटी सर्विस रायपुर द्वारा फिल्ड ऑफिसर के 02 पद, शैक्षणिक योग्यता बारहवी से उच्च उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 वर्ष, उम्र 21 से 40 वर्ष, वेतन 13 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। अलर्ट सेक्यूरिटी रायपुर द्वारा सेक्यूरिटी गार्ड के 25 पद, असिस्टेंट सुपरवाइजर के 5 पद, सेक्युरिटी सुपरवाइजर 5 पद, एजेंट 25 पद, वकिंग सहयोगी 10 पद, शैक्षणिक योग्यता आठवीं से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 2 वर्ष, उम्र 20 से 50 वर्ष, वेतन 10 हजार से 20 हजार रूपए पदानुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ होगा। फाइन्ड दक्ष भिलाई दुर्ग द्वारा इलेक्ट्रीशियन के 5 पद, इंजीनियर 9 पद, फिटर` 9 पद, डीएम प्लांट ऑपरेटर के 3 पद, सर्विस एडवाइजर 4 पद, कार टेक्निशीयन 3 पद, बोडीशोप एडवाइजर के 3 पद, कर पेंटर एवं डेंटर 6 पद, सीआईसी एक्सक्यूटीव 20 पद, स्टोर किपर के 3 पद, एकाउंटेंट 2 पद, डाटा एन्टीऊऑपरेटर 3 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर 3 पद, ऑफिस बॉय के 15 पद एवं सीए के 2 पद, शैक्षणिक योग्यता आठवीं,दसवीं से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, डीसीए/पीजीडीसीए, सीए उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 5 वर्ष, उम्र 20 वर्ष से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 70 हजार रूपए पदानुसार, कार्यक्षेत्र सिलतरा, रायपुर, कवर्धा, बेमेतरा, दुर्ग, राजनंदगांव, कुम्हारी भिलाई, भिलाई, रायगढ़, बिलासपुर, जगदलपुर होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727299443 से सम्पर्क कर सकते है।

#### राज्यपाल रमेन डेका ने आकांक्षी विकासखंड लखनपुर में अधिकारियों की बैठक में कहा

# सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने सरगुजा जिले के प्रवास के दौरान सोमवार को आकांक्षी विकासखंड लखनपुर के जनपद पंचायत सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, इससे स्थानीय स्व-रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राज्यपाल श्री डेका ने स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, पीएम आवास, सामाजिक विकास, वित्तीय समावेशन एवं बुनियादी ढांचे के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी विकासात्मक कार्यों को शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने पर जोर देते कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाएं एवं मुख्यधारा में जोड़ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं।

श्री डेका ने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम में जल संचयन के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। उन्होंने डबरी निर्माण, शोख पिट (सोखता गड्ढा), इंटकवेल जैसे संरचनात्मक कार्य तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि वर्षा जल का अधिक से अधिक संग्रहण हो सके और भू-जल स्तर में सुधार हो सके। बैठक में पर्यटन, संस्कृति ,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक श्री प्रबोध मिंज, कलेक्टर श्री विलास भोसकर, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

राज्यपाल ने पशुपालन को ग्रामीण आजीविका का सशक्त माध्यम बताते हुए इसे बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालन से न केवल आय में वृद्धि होगी, बल्कि यह पोषण सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। पर्यटन विकास की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि स्थानीय प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। इससे स्थानीय स्व-रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सड़क सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी पहल की जाए और व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाए जाए। उन्होंने हेलमेट और यातायात नियमों के प्रति सतत् जागरूकता लाने के निर्देश भी दिए।

**महिला स्व-सहायता समूहों की सराहना की:** राज्यपाल श्री डेका ने महिला स्व-सहायता समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समूहों की आर्थिक गतिविधियों का ओर विस्तार किया जाए। उन्होंने बैंकिंग सुविधाओं को सुदृढ़ और सुगम बनाने पर विशेष जोर दिया ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को मजबूती मिले। स्वास्थ्य और पोषण को लेकर उन्होंने कुपोषित बच्चों की पहचान एवं सघन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों का नियमित प्रशिक्षण, राज्य एवं जिला स्तर पर विषय-विशेष प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय और सूचकांकों के सतत सुधार की रणनीति पर कार्य करने निर्देशित किया। राज्यपाल ने अधिकारियों को योजनाओं की जमीनी स्तर पर जांच के लिए मैदानी भ्रमण करने और लाभार्थियों से फीडबैक लेने के भी निर्देश दिए।



### जीवन संघर्ष से निकलकर आत्मविश्वास से भरे भविष्य ओर

जिला प्रशासन का कहना है कि यह मिशन केवल पानी उपलब्ध कराने की योजना नहीं है, बल्कि यह ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता सुधारने और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में क्रांतिकारी पहल है। स्वच्छ जल उपलब्ध होने से स्वास्थ्य में सुधार, समय की बचत और परिवारों की खुशहाली सुनिश्चित हो रही है। आज कौशल्या का जीवन संघर्ष से निकलकर आत्मविश्वास और सहजता से भरे भविष्य की ओर बढ़ रहा है। उनका अनुभव यह दर्शाता है कि जब योजनाएँ पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ लागू होती हैं, तो उनका प्रभाव सीधे आमजन के जीवन में दिखाई देता है। जल जीवन मिशन ने कौशल्या और उनके गाँव के लिए न केवल पानी की सुविधा प्रदान की है, बल्कि यह उनके जीवन में आशा, सुरक्षा और सशक्तिकरण की नई धारा लेकर आया है। यह बदलाव पूरे ग्राम के लिए प्रेरणा बन गया है।

### स्वच्छ पानी से बीमारियों का डर नहीं

कौशल्या बताती हैं, अब मुझे पानी भरने में समय नहीं गंवाना पड़ता। बच्चों को पढ़ाई के लिए समय मिलता है और घर का काम भी आसानी से निपट जाता है। सबसे बड़ी खुशी यह है कि हमें स्वच्छ पानी मिलता है और बीमारियों का डर कम हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले गर्मी के मौसम में पानी की कमी से बीमारियाँ और थकान भी बढ़ जाती थीं। बच्चों की पढ़ाई और घरेलू कार्यों पर भी इसका सीधा असर पड़ता था। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कौशल्या स्वयं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठकों में शामिल होकर योजना के सही क्रियान्वयन और पानी की गुणवत्ता की निगरानी करती हैं। इसने उन्हें आत्मनिर्भरता और नेतृत्व का अनुभव भी दिया है।

## समाचार संक्षेप

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की सौजन्य भेंट



**रायपुर, 7 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को अवगत कराया कि वर्ष 2025 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने रजत जयंती वर्ष के विशेष अवसर पर राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों, जनकल्याण और सांस्कृतिक गौरव से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू को छत्तीसगढ़ आगमन हेतु सादर आमंत्रित किया। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने राज्य के सर्वांगीण विकास और जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा प्रदेश की निरंतर प्रगति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री श्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह उपस्थित थे।

### गाँव की तस्वीर बदली, कौशल्या की तकदीर सँवरी



**रायपुर,7 अक्टूबर।** सभी ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन देने के लक्ष्य हैं ताकि हर घर को पीने का साफ पानी मिल सके। मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर जिले के ग्राम पेंड्री की कौशल्या बाई का जीवन कभी पानी की तलाश में बीतता था। हर सुबह और शाम उन्हें कई किलोमीटर दूर स्थित तालाब या हैंडपंप तक जाना पड़ता, जिससे उनका आधा दिन निकल जाता और परिवार की रोजमर्रा की गतिविधियाँ प्रभावित होती थीं। लेकिन अब जल जीवन मिशन ने कौशल्या और उनके परिवार की तकदीर बदल दी है। मिशन के तहत ग्राम में पाइपलाइन बिछाकर प्रत्येक घर में नल से शुद्ध पानी उपलब्ध कराया गया है।

## महात्मा गांधी और शास्त्री को भाजपाइयों ने किया नमन



**डोंगरगढ 7 अक्टूबर।** देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को यहां शहर भाजपा मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रम में भाजपायों द्वारा नमन किया गया । इस दौरान वक्ताओं ने महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए वहां कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 में पोरबंदर के गुजरात में हुआ था।गांधीजी ने हमें सिखाया कि सच्चाई और अहिंसा के रास्ते पर चलकर भी कई परिवर्तन लाये जा सकते हैं। बिना हथियार उठाये उन्होंने सत्याग्रह और शांतिपूर्ण आंदोलनों जैसे चंपारण सत्याग्रह, असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा, और भारत छोड़ो आंदोलन का प्रतिनिधित्व किया । इसी प्रकार देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश वाराणसी के मुगलसराय में हुआ था । लाल बहादुर शास्त्री का प्रसिद्ध नारा था ÷जय जवान, जय किसान÷। उन्होंने यह नारा 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान दिया था, ताकि देश के सैनिकों और किसानों का हौसला बढ़ाया जा सके। यह नारा आज भी लोकप्रिय है और देश की रक्षा करने वाले जवानों तथा देश का पेट भरने वाले किसानों के महत्व को दर्शाता है। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी वरिष्ठ जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना , वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश तिवारी, द्वारका प्रसाद शर्मा ,नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना ,मंडल महामंत्री विनीत यादव ,विनय बंसल , कोषाध्यक्ष भागवत नामदेव ,अलका जयेश सहारे ,सरफराज नवाज ,नगर पालिका सभापती रेखा राजेश राघौते, हरीश मोटघरे ,देवेंद्र साखरे डी यकेस राव पार्षद शिवांगी साखरे, बबीता मलागार ,शारदा यादव ,लक्ष्मी यादव, कैलाश सोनवानी, ,मीना यादव, ज्योति बड़वाईक , आकाश सिंह राजपूत, मुकुंद कडरा, डिंपी महापात्रे ,कुंदन साहू, ललित शर्मा ओम प्रकाश साखरे, नवीन ,शुभम परिहार, गीता मानिकपुरी, पूजा उजवने अक्षय यादव ,रामकुमार डरसेना ,सहित अन्य उपस्थित थे।

#### मोदी सरकार ने दीवाली के पहले किसानों को दिया बड़ा तोहफा

## रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई वृद्धि से किसानों की आय में होगा इजाफाः शशिकांत द्विवेदी

**डोंगरगढ 7 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रि मंडलीय समिति ने विपणन सत्र 2026 इ27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी दे दी है। भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि दीवाली से पहले मोदी सरकार ने रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर किसानों को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। गेहूं के समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 160 रुपए की वृद्धि की गई है इससे अब गेहूं का नया समर्थन मूल्य 2585 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। सरकार का प्रयास है कि किसानों को मसूर,चना और तिलहन जैसी फसलों की खेती के लिए भी प्रेरित करना है । इसके लिए चना में 225 रुपए की वृद्धि कर 5875 रुपए प्रति क्विंटल दर तय किया गया है। मसूर का एमएसपी 300 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाकर 7000 रुपए कर दिया गया है। सरसों के एमएसपी में 250 रुपए वृद्धि कर 6200 रुपए और जौ में 170 रुपए की वृद्धि कर 2150 रुपए प्रति क्विंटल दर तय किया गया है। सबसे ज्यादा कुसुम फसल में 600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बढ़ोतरी कर 6540 रुपए प्रति क्विंटल दर तय किया गया है।

प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि रबी फसलों के समर्थन मूल्य में की गई यह वृद्धि किसानों की आय को बढ़ाने में मदद करेगी। श्री द्विवेदी ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में किसानों के हित को सर्वोपरि रखते हुए किसानों की उपज की एमएसपी अभूतपूर्व रूप से कई गुना बढ़ाई गई है ।सन् 2014-15 से सन् 2026-27 तक की रबी फसलों की एमएसपी की तुलना करने पर स्पष्ट होता है की गेहूं की एमएसपी 2014-15 में 1400 रुपए थी वह बढ़कर 2585 रुपए हो गई , जौ की एमएसपी 1100 रुपए से बढ़कर 2150 रुपए हो गई ,चना की एमएसपी 3100 रुपए से बढ़कर 5875 रुपए हो गई ,मसूर की एमएसपी 2950 रुपए से बढ़कर 7000 रुपए हो गई ,सरसों की एमएसपी 3050 रुपए से बढ़कर 6200 रुपए हो गई ।इसी प्रकार कुसुम की एमएसपी 3000 रुपए से बढ़कर 6540 रुपए हो गई । इस तरह मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में प्रत्येक फसलों में दो गुना या इससे अधिक की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। जिससे किसानों की आय में जबरदस्त इज़ाफ़ा हुआ है । श्री द्विवेदी ने प्रधानमंत्री जी एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री जी का इसके लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया।

### प्रतिभावानों का सम्मान

**डोंगरगढ 7 अक्टूबर।** रेल्वे कॉलोनी में विगत 84 वर्षों से शारदीय नवरात्र के अवसर पर आयोजित श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा उत्सव के सिंदूर उत्सव के शुभ अवसर पर डोंगरगढ की सम्माननीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा डोंगरगढ के प्रतिभावानों को सम्मानित किया गया। इसी श्रृंखला में आदर्श नगर निवासी स्नेहा डे सुपुत्री श्री अशोक कुमार डे को च द्वारा संचालित ृष्टष्ट की परीक्षा में असाधारण उपलब्धी प्राप्त करने पर प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## हीरालाल तीसरी बार निर्विरोध चुने गये सहायक शिक्षक फेडरेशन डोंगरगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष

**डोंगरगढ़ 7 अक्टूबर।** छ,ग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर निर्वाचन पर्यवेक्षक अधिकारी के टीम ललित प्रताप सिंह, अमिताभ दुफारे , राजेश देवांगन , डालेश्वर देवांगन,राजनांदगांव द्वारा ब्लॉक ईकाई डोंगरगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष का चुनाव दिनांक 05/10/2025 दिन रविवार को दोपहर 10 बजे से 2 के बीच गोंडवाना भवन अछोली, डोंगरगढ़ में सम्पन्न हुआ।जिसमे उपस्थित डोंगरगढ़ ब्लॉक छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के शिक्षक सदस्यों के द्वारा सहज सरल , मधुर भाषी, मिलनसार हीरालाल मोर्य जी को फिर से छ,ग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ का तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया गया और सभी उपस्थित साथियों के द्वारा फूल-मालाएं पहनाकर ब्लॉक अध्यक्ष का स्वागत किया गया ब्लॉक अध्यक्ष बने हीरालाल मोर्य ने बताया कि छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन छग सबसे बड़ा संगठन है और यहां 3 वर्षों के लिए लोकतांत्रिक प्रणाली से ब्लॉक, जिला, प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव सम्पन्न होता है । और सभी टीम भावना के साथ मिलकर काम करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं और छोटी बड़ी समस्या को मिलजुल कर समाधान करते हैं , उपस्थित सभी साथियों का एक बार पुनः निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करने पर सभी का हृदय से धन्यवाद, आभार प्रदर्शन किया जो तीसरी बार सेवा का अवसर प्रदान किया गया , और उपस्थित टीम जिला पर्यवेक्षक निर्वाचन राजनांदगांव के द्वारा ब्लॉक? अध्यक्ष निर्वाचक प्रमाण पत्र ?प्रदान कर आगामी तीन वर्षों के लिए बधाई, कुशल नेतृत्व करने कि शुभकामनाएं दिया ।

## आईटीबीपी के जवानों ने गांधी जयंती पर चलाया स्वच्छता ही सेवा अभियान

**डोंगरगढ़ 6 अक्टूबर।** 40 वीं वाहिनी भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों ने आज गांधी जयन्ति के उपलक्षय पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत डोंगरगढ़ स्थित महावीर तालाब परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम तेजभान सिंह, कमांडेंट के नेतृत्व में एवं विनोद कुमार, द्वितीय कमान एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। महावीर तालाब डोंगरगढ़ नगर का एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक जलस्त्रोत है, जो स्थानीय लोगों की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं से गहराई से जुड़ा हुआ है। प्रतिवर्ष यहां विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन होते हैं, जिसके कारण यह स्थल नगर के सामाजिक सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न अंग माना जाता है। इसीलिए तालाब की स्वच्छता नगर के पर्यावरण एवं सांस्कृतिक धरोहर दोनों के लिए



अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर आईटीबीपी के अधिकारियों और जवानों ने न केवल तालाब परिसर की साफ-सफाई कर भारत सरकार की स्वच्छ भारत मिशन का संदेश दिया। जवानों ने स्थानीय नागरिकों को भी स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। आईटीबीपी द्वारा समय-समय पर चलाए जाने वाले ऐसे अभियानों से यह स्पष्ट होता है कि यह बल केवल सीमा सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भी समान रूप से सक्रिय है। जवानों ने नागरिकों से अपील की कि वे अपनी दिनचर्या में साफ-सफाई को आदत बनाएं और स्वच्छ भारत मिशन% को सफल बनाने में सहयोग करें। इस प्रकार, इस अभियान ने न केवल तालाब को स्वच्छ बनाया, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर एक गहरा और सकारात्मक प्रभाव भी छोड़ा।

#### पर्यावरण संरक्षण की दी प्रेरणा

## डंगोरा डेम के जंगलों में युवाओं ने किया नेचर अवेयरनेस ट्रेक

**डोंगरगढ 7 अक्टूबर।** प्रकृति संरक्षण और सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एकोवेरा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशन में एक विशेष ÷इको-अवेयरनेस ट्रेक÷ का आयोजन डंगोरा डैम क्षेत्र में किया गया। यह डैम डोंगरगढ़ से लगभग 18 किलोमीटर दूर मैकाल पर्वत श्रृंखला के समीप स्थित है और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है। इस अवसर पर एकोवेरा इंडिया के निदेशक प्रमेश विजयवार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यावरण पर्यटन, साहसिक गतिविधियों और ग्रामीण सहभागिता के माध्यम से टिकाऊ विकास की असीम संभावनाएँ हैं। ट्रेक के दौरान प्रतिभागियों ने



लगभग 5 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई तय कर पहाड़ी की चोटी तक पहुँचे और वहीं रात्रि कैंपिंग की। रात्रि में कैम्प फायर, स्वच्छता अभियान और नेचर अवेयरनेस सेशन आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने प्लास्टिक मुक्त प्रकृति और स्वच्छ भारत-हरित भारत का संदेश दिया। सुबह के समय डेम और पर्वत श्रृंखला के ऊपर से उगते सूर्य का मनमोहक दृश्य सभी प्रतिभागियों के लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। प्रमेश विजयवार ने कहा कि प्रकृति की रक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। ऐसे अभियानों से युवाओं में जागरूकता और नेतृत्व क्षमता दोनों विकसित होती हैं। इस आयोजन में स्थानीय युवाओं और ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वन विभाग का विशेष सहयोग भी प्राप्त हुआ, जिसके लिए टीम ने उनका धन्यवाद किया। प्रतिभागियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि डंगोरा डैम क्षेत्र को इको-टूरिज्म, एडवेंचर और पर्यावरण शिक्षा के संयुक्त मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। ऐसे प्रयास न केवल प्रकृति के संरक्षण में सहायक होंगे बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार और आत्मनिर्भरता के नए अवसर भी पैदा करेंगे। इस अभियान की सफलता में चेमन भंडारी, देवा धनविजय , प्रदीप साहू, सतेंद्र रामटेके, रविन्द्र सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, छवि साहू, अयान और चोंटू का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने मिलकर कार्यक्रम को एक प्रेरणादायक रूप दिया। अभियान के अंत में सभी ने यह संकल्प लिया हम प्रकृति के साथ समरस होकर जीने, उसकी सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखने, और अपने समुदाय व युवाओं को इसके प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

संपादकीय

## बिहार चुनाव:सबकी प्रतिष्ठा दांव पर

बिहार विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा का इंतजार किया जा रहा था, चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों के साथ विचार विमर्श करके तारीख की घोषणा कर दी है। सभी राजनीतिक दल चाहते थे कि चुनाव छठ के बाद हो तो चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव के लिए मतदान छठ के बाद दो दिन कराने का फैसला किया है। कई लोगों का कहना था कि बिहार चुनाव एक ही दिन करा लिया जाए लेकिन चुनाव आयोग ने चुनाव दो चरणों 6 नवंबर व 11 नवंबर को कराने का फैसला किया है। इसकी वजह यह हो सकती है कि यहां विधानसभा की सीटें दो सौ से ज्यादा हैं। चुनाव आयोग को लगा होगा कि 100 विधानसभा सीट में चुनाव ज्यादा अच्छे से कराया जा सकता है,इसलिए उसने चुनाव जितने ज्यादा अच्छे से हो सके इसलिए एक बार में 121 और दूसरी बार में 122 सीटों पर चुनाव कराने का फैसला किया है। इससे पहले बिहार में तीन,चार,पांच व छह चरणों में चुनाव कराया जा चुका हैं। चालीस साल बाद यहां दो चरणों में चुनाव कराया जा रहा है। पच्चीस साल का यह सबसे छोटा चुनाव है क्योंकि इस चुनाव में 39 वें दिन नतीजे आ जाएंगे। इस बार के चुनाव में पहली बार हर मतदान केंद्र पर वेबकास्टिंग,सभी बूथों पर मानिटरिंग, मोबाइल जमाकरने की सुविधा,प्रत्याशी की रंगीन फोटो होगी ईवीएम में, नाम भी बड़े अक्षरों में होगा। इस बार पर्दानशीं महिलाओं की पहचान के लिए 90712 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मतदान केंद्रों में तैनात किया जाएगा। यह चुनाव एसआईआर के बाद कराया जा रहा है,इससे पहले एसआईआर के बाद चुनाव 2003 में हुआ था। इसका चुनाव पर कोई सीधा असर नहीं पड़ता है। एसआईआर के बाद वोटर सूची से 68.5 लाख नाम हटे हैं तो 21.53 लाख नाम जुड़े भी हैं। कुल वोटर 7.42 करोड़ हैं। विधानसभा सीटों के हिसाब से 123 सीटों पर वोट बढ़े हैं तो 120 सीटों पर वोट कम हुए हैं। यहां चुनावी मुकाबला दो गठबंधन के बीच होना है। एक गठबंधन कांग्रेस राजद का है और दूसरा गठबंधन भाजपा जदयू यानी एनडीए का है। इसके अलावा कई राजनीतिक दल हैं जो दोनों गठबंधन से अलग चुनाव लड़ेंगे, इसमें जनसुराज, आप, बसपा, औवैशी की पार्टी हैं। जहां तक कौन सा राजनीतिक दल कितना सीटों पर चुनाव लड़ेगा,इसकी चर्चा तो होती रही है लेकिन अब तक सीटों का फैसला नहीं हो सका है। सभी दलों के बीच ज्यादा सीटों पर चुनाव लडऩे को लेकर खींचतान चल रही है। इसलिए अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है लेकिन अब जब तारीख की घोषणा हो गई है तो उम्मीद की जा रही है कि सीटों का फैसला अगले कुछ दिनों में हो जाएगा।जहां तक वोटरों को लुभाने का सवाल है तो दोनों गठबंधन ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। हर वर्ग के लिए राजनीतिक दलों ने बड़ी बड़ी घोषणाएं की है। सत्ता में जदयू है तो उसका इस बात का फायदा है कि उसने सिर्फ घोषणाएं नहीं की है महिलाओं के खाते में पैसा भी दे दिया है। विकास कार्यों की घोषणा भी की है।पटना से मेट्रो भी चालू हो गया है। जो दल सत्ता में नहीं है, वह सिर्फ घोषणा कर रहे हैं। जहां तक महागठबंधन के प्रमुख मुद्दे की बात है तो उसने वोट चोरी व बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बनाया है वहीं एनडीए ने घुसपैठिया व जंगलराज को बड़ा मुद्दा बनाया है। चुनाव में मुख्य मुकाबला महागठबंधन व एनडीए के बीच ही होना है। दोनों दलों के नेताओं के लिए यह चुनाव जीतना प्रतिष्ठा का प्रश्न हैं। एनडीए चुनाव जीतता है तो इससे पीएम मोदी देश में तथा नीतीश कुमार बिहार में और मजबूत होकर सामने आएंगे। नहीं जीतने पर पीएम मोदी की लोकप्रियता व नीतीश कुमार के सुशासन पर सवाल उठेगा। जहां तक राजद का सवाल है तो लालू के बाद अब उसका नेतृत्व तेजस्वी कर रहे हैं, यदि वह चुनाव हारते हैं तो उनकी पार्टी कमजोर होगी और परिवार में पार्टी को लेकर कलह बढ़ेगा। यदि तेजस्वी चुनाव जीतते हैं तो वह बिहार में नीतीश कुमार के विकल्प माने जाएंगे तथा लालू की राजनीति को आगे बढ़ाने वाले होंगे। जहां तक कांग्रेस का सवाल है तो उसे पिछली बार से ज्यादा सीटें जीतनी होंगी यदि वह ज्यादा सीटें नहीं जीत पाती है और गठबंधन की सरकार नहीं बनती है तो इसके लिए फिर कांग्रेस को ही दोषी माना जाएगा। दोनों गठबंधनों की हार जीत में दूसरे दलों की भी प्रमुख भूमिका होगी। वह कुछ सीटें जीतकर किसी को हराएंगे तो किसी को जिताएंगे। कुल मिलाकर इस बार का बिहार चुनाव सबसे मुश्किल चुनाव हो सकता है।

### सू- दोकू क्र.192

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.191का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# बढ़ती छात्र आत्महत्याएँ: कानून है लेकिन संवेदना कहां है?

डॉ. सत्यवान सौरभ

**भारत में बढ़ती छात्र आत्महत्याएँ एक गहरी सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य संकट का संकेत हैं। मानसिक स्वास्थ्य कानून (2017) और आत्महत्या रोकथाम नीति (2021) ने क़ानूनी ढाँचा तो दिया, पर उसका असर सीमित रहा। जागरूकता की कमी, काउंसलिंग ढाँचे का अभाव और अभिभावकों की अपेक्षाएँ छात्रों को अवसाद की ओर धकेल रही हैं। अब ज़रूरत है भावनात्मक शिक्षा, प्रशिक्षित काउंसलर, डिजिटल सहायता और पारिवारिक संवेदना की। जब तक समाज यह नहीं समझेगा कि हर बच्चे की सफलता अलग है, तब तक कानून भी किसी की जान नहीं बचा पाएँगे।**



भारत जैसे युवा देश के लिए यह एक शर्मनाक सच्चाई है कि यहाँ हर साल हज़ारों विद्यार्थी पढ़ाई, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक दबाव के बोझ तले अपनी जान दे देते हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (NCRB) के अनुसार 2023 में 13,000 से अधिक छात्र आत्महत्याएँ दर्ज की गईं — यानी हर 40 मिनट में एक विद्यार्थी अपनी ज़िंदगी खत्म कर रहा है। यह सिर्फ़ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की नाकामी का सबूत है जो बच्चों को बचाने के बजाय उन्हें अंधे मोड़ पर छोड़ देती है। सरकार ने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई कानून और नीतियाँ बनाईं हैं — जैसे मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 और राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम नीति 2021। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये कागज़ों पर लिखे कानून ज़मीन पर किसी बच्चे को सच में बचा पा रहे हैं? मेंटल हेल्थकेयर एक्ट 2017 का मकसद था कि आत्महत्या का प्रयास अब अपराध नहीं माना जाएगा, बल्कि इसे मानसिक संकट के रूप में देखा जाएगा। यानी अगर कोई बच्चा आत्महत्या की कोशिश करता है, तो उसे सज़ा नहीं, बल्कि सहारा दिया जाएगा। यह बहुत बड़ी पहल थी, क्योंकि इससे पहले ऐसे मामलों में पुलिस कार्रवाई होती थी, जिससे पीड़ित और परिवार दोनों और टूट जाते थे। कानून ने यह भी कहा कि हर नागरिक को मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकार होगा। यानी स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर काउंसलिंग और सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पर आज भी सच्चाई यह है कि देश के अधिकांश स्कूलों और कॉलेजों में कोई प्रशिक्षित काउंसलर तक नहीं हैं। 2023 में एम्स द्वारा किए गए सर्वे में पाया गया कि 70 प्रतिशत कॉलेजों में कोई मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ मौजूद नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो स्थिति और भी खराब है। यानी कानून बना, लेकिन उसके लिए जो आधारभूत ढांचा चाहिए था, वो कभी तैयार नहीं हुआ। 2021 में सरकार ने राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम नीति जारी की। इस नीति में कहा गया कि आत्महत्या एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है और इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण विभागों को मिलकर काम करना चाहिए। इसमें "हाई-रिस्क ग्रुप" जैसे छात्रों, किसानों और प्रवासी मजदूरों की पहचान कर, उनके लिए रोकथाम तंत्र बनाने की बात कही गई थी। कुछ राज्यों ने इसे गंभीरता से लिया भी। जैसे केरल और महाराष्ट्र में स्कूल शिक्षकों को यह सिखाया गया कि वे छात्रों में अवसाद या निराशा के संकेत पहचान सकें। कुछ जगहों पर "स्कूल काउंसलिंग सेल" भी बने। लेकिन पूरे देश की तस्वीर देखें तो 40 प्रतिशत ज़िलों में अब भी कोई "सुसाइड प्रिवेंशन सेल" नहीं बना है। इस नीति के लिए अलग से कोई बजट तय नहीं किया गया। परिणाम यह हुआ कि यह नीति भी सरकारी फाइलों में एक और दस्तावेज बनकर रह गई। कानूनों और नीतियों की सीमाओं से आगे जाकर हमें यह समझना होगा कि आत्महत्या का कारण सिर्फ मानसिक बीमारी नहीं, बल्कि समाज का बढ़ता असंवेदनशील माहौल भी है। कोचिंग सेंटर्स की दीवारों पर "IIT or Nothing" जैसे नारे लिखे होते हैं। हर बच्चा रैंक और रिज़ल्ट की दौड़ में फँस गया है। उसे बचपन की जगह एक 'प्रोजेक्ट' बना दिया गया है। बहुत से माता-पिता अपने सपने बच्चों पर थोप देते हैं। असफलता को अपमान समझा जाता है। घर में बातचीत के बजाय सवाल-जवाब होता है — "कितने नंबर आए?" "अगले साल क्या करोगे?" यह भावनात्मक दूरी बच्चों को भीतर से तोड़ देती है। अब असफलता छिपाना भी मुश्किल हो गया है।

इंस्टाग्राम और रीलों की दुनिया में हर कोई "सफल" दिखना चाहता है। जो नहीं दिखा पाता, वह खुद को असफल मान लेता है। किसी स्कूल में खेल का मैदान नहीं तो लोग शिकायत करते हैं, लेकिन काउंसलर नहीं है तो कोई नहीं पूछता। बच्चे को "तनावग्रस्त" कहने पर आज भी परिवार उसे "कमज़ोर" समझता है। मानसिक स्वास्थ्य आज भी कलंक बना हुआ है। कानूनों और नीतियों से आगे बढ़कर अब हमें कुछ व्यावहारिक, संवेदनशील और स्थायी उपाय अपनाने की ज़रूरत है। हर स्कूल और कॉलेज में प्रशिक्षित काउंसलर अनिवार्य होने चाहिए। सरकार चाहे तो राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत मनोवैज्ञानिकों की नियुक्ति कर सकती है। टेली-काउंसलिंग की सुविधा भी दूर-दराज़ क्षेत्रों तक पहुँचाई जा सकती है। मानसिक स्वास्थ्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। बच्चों को यह सिखाना ज़रूरी है कि असफलता अंत नहीं है। दिल्ली सरकार के "हैप्पीनेस करिकुलम" की तरह सभी राज्यों में "लाइफ स्किल्स" और "इमोशनल एजुकेशन" को अनिवार्य किया जा सकता है। हर माता-पिता और शिक्षक को यह समझना होगा कि उनकी बातों का बच्चों पर कितना असर पड़ता है। यदि कोई बच्चा अलग-थलग रह रहा है, बात नहीं कर रहा, या अचानक व्यवहार बदल रहा है — तो यह संकेत है कि उसे मदद की ज़रूरत है। आज हर छात्र के पास मोबाइल है। अगर उसी से वह मनोवैज्ञानिक सहायता पा सके तो कई जानें बच सकती हैं। "किरण हेल्पलाइन" जैसी पहल को और मज़बूत करने की ज़रूरत है। मीडिया को भी अपनी भूमिका समझनी होगी। आत्महत्या की खबरों को सनसनी बनाकर दिखाने के बजाय, मीडिया को यह दिखाना चाहिए कि कैसे मदद ली जा सकती है। फिल्मों और सोशल मीडिया को भी "सफलता या मृत्यु" वाली सोच से बाहर लाना होगा। सरकार के हर जिले में यह रिपोर्ट होनी चाहिए कि कितने स्कूलों में काउंसलर हैं, कितनी आत्महत्या की घटनाएँ हुईं और कौन-से कदम उठाए गए। जवाबदेही के बिना कोई नीति सफल नहीं होती। कानून और नीतियाँ दिशा दिखा सकती हैं, लेकिन वे संवेदना नहीं जगा सकतीं।

वह समाज को खुद करनी होगी। हमें यह स्वीकार करना होगा कि बच्चा "रैंक" नहीं, "इंसान" है। उसकी आँखों में सिर्फ़ डिग्री नहीं, सपने भी हैं — और उन सपनों को असफलता से नहीं, प्यार और सहारे से संभाला जा सकता है। कोटा, दिल्ली, पटना या हैदराबाद — हर शहर से आती आत्महत्याओं की खबरें हमें झकझोरती हैं, लेकिन कुछ दिन बाद हम भूल जाते हैं। जबकि हर बच्चा जो चला गया, वह हमारे समाज का आईना था — वह यह कह गया कि "तुमने मुझे सुना नहीं।" भारत में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 और राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम नीति 2021 जैसी पहलें सही दिशा में कदम हैं, लेकिन ये तब तक अधूरी रहेंगी जब तक समाज, परिवार और शिक्षा संस्थान मिलकर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देंगे। हर आत्महत्या एक असफल नीति नहीं, बल्कि असफल संवेदना की कहानी है। समाधान किसी नए कानून में नहीं, बल्कि इस सोच में है कि असफलता कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है।

# बिहार में शंकराचार्य का चुनावी शंखनाद 'गौ रक्षा' बनेगा सियासत का नया एजेंडा

अजय कुमार,

बिहार की राजनीति में इस बार जातीय समीकरणों और विकास के वादों से अलग एक नया मुद्दा तेजी से उभरकर सामने आया है। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शिवहर से अपनी चुनावी मुहिम की शुरुआत करते हुए स्पष्ट ऐलान किया है कि वे राज्य की सभी 243 विधानसभा सीटों पर गौ भक्त प्रत्याशी मैदान में उतारेंगे। उनका कहना है कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब गौ माता की रक्षा हो और यही इस चुनाव की असली कसौटी होगी। उनके इस एलान के बाद बिहार की चुनावी राजनीति में हलचल मच गई है और हर दल इस नए समीकरण को लेकर गणित बैठाने में जुट गया है। शंकराचार्य ने शिवहर प्रवास के दौरान संवाददाताओं से कहा कि जो गौ माता की रक्षा की बात करेगा वही उनका साथी है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह व्यक्ति किस धर्म या समुदाय से है। अगर असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता भी गौ माता को माँ मानते हैं और उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं तो वे भी उनके सहयोगी हो सकते हैं। इस बयान ने पूरे राज्य में नई बहस छेड़ दी है क्योंकि यह पहली बार है जब किसी बड़े धार्मिक नेता ने सीधे तौर पर राजनीति में उतरकर एक ऐसा एजेंडा सामने रखा है जो पूरी तरह धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक भावनाओं पर आधारित है। शिवहर नगर परिषद ने हाल ही में गौ माता को नगर माता का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित किया था। इस निर्णय ने शंकराचार्य की मुहिम को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने इस पहल को सराहते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि देश के हर नगर और हर पंचायत इस तरह का निर्णय लें। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे स्वयं को गौ मतदाता घोषित करें और केवल उन्हीं उम्मीदवारों को वोट दें जो गौ रक्षा पर स्पष्ट और दृढ़ रुख रखते हों। उनकी यह अपील अब गांव-गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। बिहार के ग्रामीण इलाकों में धार्मिक भावनाएँ हमेशा से गहरी जड़ें रखती हैं। खेती-किसानी करने वाला समाज गाय को केवल धार्मिक प्रतीक ही नहीं बल्कि अपनी आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन-रेखा मानता है। ऐसे में शंकराचार्य की यह मुहिम सीधे किसानों और ग्रामीण मतदाताओं के दिल तक पहुँच रही है। सीतामढ़ी के परौर गांव के किसान रघुनाथ ठाकुर कहते हैं कि पहले वोट देते समय जाति सबसे बड़ा आधार हुआ करती थी लेकिन अब शंकराचार्य जी ने हमें याद दिलाया है कि गाय हमारी असली पहचान है। विश्लेषकों का कहना है कि अगर यह मुहिम ज़मीनी स्तर पर असर दिखाती है तो कई सीटों पर नतीजे बदल सकते हैं। बिहार में



विधानसभा चुनावों में पहले भी दो से तीन हज़ार वोटों का फर्क निर्णायक रहा है। 2020 के चुनाव में करीब 40 से अधिक सीटें बेहद मामूली अंतर से तय हुई थीं। ऐसे में अगर शंकराचार्य की मुहिम से 2 से 4 प्रतिशत वोट भी इधर-उधर होता है तो भाजपा समेत सभी दलों के लिए यह चुनौती बन सकता है। भाजपा के लिए यह स्थिति सबसे कठिन कही जा रही है। पार्टी वर्षों से हिंदुत्व और आस्था को लेकर राजनीति करती रही है। लेकिन शंकराचार्य ने सीधे तौर पर सवाल उठाया कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में अब तक गौ रक्षा को प्रमुख मुद्दा क्यों नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा अब भी यह घोषणा कर दे कि वह गाय की रक्षा सुनिश्चित करेगी तो वे उनका समर्थन करेंगे, वरना जनता को यह मान लेना चाहिए कि भाजपा ने वादा निभाने में चूक की है। शंकराचार्य ने चेतावनी दी कि अगर भाजपा को नुकसान होगा तो वह उनकी करनी से होगा, न कि शंकराचार्य की तरफ से। राजद और जदयू के लिए भी यह स्थिति आसान नहीं है। दोनों दल जातिगत समीकरणों के आधार पर चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं, लेकिन धार्मिक भावनाओं के केंद्र में आने से उनका वोट बैंक भी प्रभावित हो सकता है। कांग्रेस और वामदलों ने इस मुहिम को चुनावी राजनीति में धर्म को घसीटने की कोशिश बताया है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में उनकी बातों का उतना असर नहीं दिख रहा। गौ मतदाता संकल्प यात्रा इस समय उत्तर बिहार के दर्जनों गांवों में पहुँच चुकी है। यात्रा में शामिल लोग ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ प्रवेश करते हैं और फिर शंकराचार्य या उनके प्रतिनिधि प्रवचन देते हैं। प्रवचन का केंद्र बिंदु यही रहता है कि गौ माता हमारी संस्कृति की आत्मा हैं और उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना हर भारतीय का कर्तव्य है। स्थानीय स्तर पर इस यात्रा का माहौल धार्मिक मेले जैसा हो रहा है और बड़ी संख्या में महिलाएं, किसान और युवा इसमें हिस्सा ले रहे हैं। लेकिन शंकराचार्य की इस मुहिम के सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती संगठनात्मक है। 243 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करना केवल घोषणा करना भर नहीं है, इसके लिए स्थानीय स्तर पर मजबूत नेटवर्क और संसाधनों की ज़रूरत होगी। यह भी सवाल है कि क्या उनके उम्मीदवार जनता तक अपना संदेश पहुँचा पाएंगे और क्या लोग केवल गौ रक्षा के आधार पर अपना वोट तय करेंगे। बिहार के मतदाता आस्था और धर्म से प्रभावित जरूर होते हैं, लेकिन बेरोज़गारी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को भी नज़रअंदाज़ नहीं करते। फिर भी यह तथ्य साफ है कि शंकराचार्य ने चुनावी विमर्श को नई दिशा दी है। अब तक बिहार की राजनीति जातीय गठजोड़ और विकास बनाम सामाजिक न्याय के मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन अब गौ रक्षा और धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान भी चर्चा के केंद्र में आ गई है। राजनीतिक दलों की चुप्पी बताती है कि वे इस नई लहर का इंतजार कर रहे हैं और देखना चाहते हैं कि जनता इस पर कैसे प्रतिक्रिया देती है।शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, चंपारण जैसे जिलों में जहां धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं गहरी हैं, वहां शंकराचार्य की अपील का असर सबसे पहले दिख सकता है। इन जिलों में पहले भी देखा गया है कि आस्था से जुड़े मुद्दों पर वोटिंग पैटर्न बदल जाता है। अगर यही स्थिति इस बार भी बनी तो चुनावी नतीजे अप्रत्याशित हो सकते हैं। फिलहाल इतना तय है कि शंकराचार्य का यह शंखनाद केवल एक धार्मिक आंदोलन नहीं बल्कि एक राजनीतिक प्रयोग भी है। यह प्रयोग सफल होगा या सीमित रह जाएगा, यह तो चुनावी नतीजे ही बताएंगे। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि इसने मुख्यधारा की पार्टियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है और बिहार की चुनावी राजनीति को नई दिशा दी है। आने वाले महीनों में यह सवाल गूंजता रहेगा कि इस बार बिहार में गाय और गौ माता का मुद्दा कितनी दूर तक जाएगा और क्या यह राज्य की सत्ता का रास्ता बदल देगा।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी सामाजिक कार्यक्रम में अच्छे सम्मान की प्राप्ति होगी और आपको अपने अच्छे कामों के लिए जाना जाएगा। सेहत को लेकर आपको कोई जरूर टेस्ट आदि कराने पड़ सकते हैं। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी देंगी, जिसे पूरा करने में आपको समस्या हो सकती है। आपको परिवार के लिए कुछ समय निकालना होगा। आप काम को लेकर मेहनत भी करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर किसी काम को करने के लिए रहेगा। आप जल्दबाजी में कोई गड़बड़ी कर सकते हैं। आपकी मेहनत रंग लाएगी। आप किसी काम को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें। धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। माताजी की कोई पुरानी समस्या उभर सकती हैं। संतान की नौकरी को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। आपको किसी कानूनी मामले में अपने पिताजी से सलाह करना पड़ेगा। आप भाई-बहनों से भी बातचीत थोड़ा सोच समझकर करें।

**मिथुन** आज आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपको अपनी जरूरत की चीजों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप अपने खर्चों को उतना ही बढ़ाएं, जितना कि आप उठा सकें, इसलिए किसी से धन उधार लेने से बचें। आपको अपनी किसी शारीरिक समस्या को लेकर अच्छे डॉक्टर से परामर्श लेना पड़ सकता है। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है। बिजनेस में किसी तकनीकी समस्या के कारण टेंशन बढ़ेगी।

**कर्क** आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए कुछ रूपयों का इंतजाम भी करना पड़ सकता है। परिवार के किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से आपकी भागदौड़ बनी रहेगी। धन भी अधिक खर्च होगा, लेकिन आप अपने काम को लेकर किसी अनजान व्यक्ति से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें, क्योंकि वह इसका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

**सिंह** आज आप अपने व्यवसाय में कुछ बदलाव करने की सोचेंगे। कोई कानूनी मामला आपको खुशी देगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आप किसी सरकारी मामले को लेकर परेशान रहेंगे। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी। सिंगल लोगों के अपने साथी से मुलाकात होगी। नौकरी में आपको प्रमोशन आदि मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**कन्या** आज का दिन आपको एक नई उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर किसी दूसरे पर डिपेंड नहीं रहना है। आप अपने साथी से नाराज हो सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपको किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए रहेगा। आपको अपने भाई-बहनों की बातों को नजरअंदाज नहीं करना है, क्योंकि वह आपको काम को लेकर कोई अच्छी सलाह दे सकते हैं। जीवनसाथी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे, जिससे आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे, लेकिन आप अपनी माता जी के सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना करें। कोई काम न होने से आपका मन परेशान रहेगा और यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप किसी के कहने में आकर समस्याओं में पड़ सकते हैं। आज आपको परिवार में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी, क्योंकि किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी, जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने प्यार से मुलाकात हो सकती है। किसी समाजिक मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह की आवश्यकता होगी। आप परिवार में बड़े सदस्यों की भावनाओं का सम्मान करेंगे।

**धनु** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, लेकिन आपके मन में किसी बात को लेकर संशय बना रहेगा। यदि ऐसा हो, तो आप उस काम में बिल्कुल आगे ना बढ़ें। आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**मकर** आज आप पार्टनरशिप में किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए आपको अपने आंख-कान खुले रखने होंगे, क्योंकि इससे आपकी समस्याएं बढ़ेंगी। आज आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। कोई सरकारी काम आपका पूरा हो सकता है। आप किसी काम को लेकर मेहनत से बिल्कुल पीछे ना हटें और अपने धन का सदुपयोग करें, क्योंकि आप दिखावे के चक्कर में पड़ सकते हैं।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपके अंदर ऊर्जा रहने से आप प्रत्येक कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे, लेकिन आप किसी दूसरे के मामले में ना बोले, तो बेहतर रहेगा। लोग आपका फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा बनने से बचना होगा। बिजनेस कर रहे लोगों को किसी मशीनरी की खराबी के कारण कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, जिससे उनके ऑर्डर जाने में भी देरी हो सकती है।

**मीन** आज का दिन आपके लिए समस्याएं लेकर आएगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों में गड़बड़ी करेंगे। आप आलस्य दिखाएंगे, जिससे आपके काम लंबे समय के लिए लटकते चले जाएंगे। आज आपको एक दृढ़ निश्चय करके कामों को करने की आवश्यकता है। आप अपने रहन-सहन के स्तर में भी सुधार लाएंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनकी कोई मन की इच्छा पूरी होगी।

## एक नजर

### ट्रक चालक को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**कोंडागांव 7 अक्टूबर।** फरसगांव थाना क्षेत्र के जुगानीकलार के पास बीती देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मृतक ट्रक चालक अनिल कुमार पटेल, पिता स्व. मोहन पटेल, ट्रक क्रमांक सीजी 18 एच 2009 में लोहा गिट्टी लेकर रायपुर गया था। गिट्टी खाली कर वह ट्रक लेकर बचेली लौट रहा था। रात करीब 1 बजे, जुगानीकलार के पास वह ट्रक को सड़क किनारे खड़ा कर चक्के की जांच कर रहा था। इसी दौरान रायपुर से जगदलपुर की ओर जा रही एक आयसर वाहन (क्रमांक सीजी 07 बीक्यू 3855) ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक ट्रक चालक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में अनिल कुमार पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### बैलाडीला आयरन और माइन्स बचेली कॉम्प्लेक्स को 'नो ड्रोन जोन' घोषित

**दंतेवाड़ा, 7 अक्टूबर।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स द्वार 26 सितंबर 2025 के संदर्भ में, बैलाडीला आयरन ओर माइन्स बचेली कॉम्प्लेक्स जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छत्तीसगढ़ में स्थित है जो राष्ट्रीय महत्व का खनन क्षेत्र है। यह क्षेत्र माओवाद नक्सलवाद प्रभावित एलडब्ल्यूई क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जहाँ सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर खतरे एवं अवांछित गतिविधियों की संभावना बनी रहती है। बिना अनुमति ड्रोन का संचालन उक्त क्षेत्र में सुरक्षा उल्लंघन एवं अवैध निगरानी अथवा अन्य असामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकता है। अतः भारतीय सुरक्षा संहिता-2023 की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एवं स्थानीय पुलिस तथा सुरक्षा एजेंसियों से परामर्श उपरांत अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा यह घोषित किया जाता है कि बैलाडीला आयरन ओर माइन्स बचेली कॉम्प्लेक्स एवं इसके आस-पास का क्षेत्र नो ड्रोन जोन घोषित किया जाता है। इसके अनुसार कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व लिखित अनुमति जिला दण्डाधिकारी अथवा सक्षम सुरक्षा प्राधिकरण की अनुमति प्राप्त किए बिना इस क्षेत्र में किसी प्रकार के ड्रोन मानव रहित विमान का संचालन नहीं करेगा। अधिसूचित क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनाधिकृत ड्रोन गतिविधि दण्डनीय अपराध मानी जाएगी एवं संबंधित कानूनों के अंतर्गत कठोर कार्यवाही की जाएगी। यह अधिसूचना तत्काल प्रभाव से लागू होगी तथा अगली आदेश तक प्रभावी रहेगी।

### पेंशन हितग्राहियों के लिए आधार शिविरों का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 7 अक्टूबर।** शासन के निर्देशानुसार सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केंद्रीय पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का ऑनलाइन सत्यापन कार्य जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में जारी है। इस प्रक्रिया के दौरान अनेक पेंशनधारियों को आधार अपडेट से संबंधित कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में आधार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पेंशन हितग्राहियों का आधार अपडेट एवं सत्यापन कार्य किया जाएगा, जिससे उन्हें पेंशन प्राप्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित निकायों को निर्देशित किया है कि वे अपने क्षेत्र के समस्त पेंशनधारियों को शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित कराएं। जिले में आयोजित होने वाले शिविरों की शुरुआत 7 अक्टूबर को नगर पालिका दंतेवाड़ा क्षेत्र से होगी, जहां दुर्गा मंच, आंवराभाटा में आधार शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 08 अक्टूबर को नगर पंचायत बारसूर में सांस्कृतिक भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा। 9 अक्टूबर को दो स्थानों पर नगर पंचायत गीदम (सांस्कृतिक भवन, वार्ड क्रमांक 3) तथा नगर पालिका किरन्दुल (मंगल भवन, वार्ड क्रमांक 3) में शिविर आयोजित होंगे। अंत में 11 अक्टूबर को नगर पालिका बड़े बचेली क्षेत्र में मंगल भवन, आर.ई.एस. कॉलोनी, बचेली में आधार शिविर लगाया जाएगा। प्रत्येक शिविर में निर्धारित आधार ऑपरेटरों की टीम पेंशनधारियों के आधार अपडेट एवं सत्यापन का कार्य करेगी।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित तीन परिवारों को 12 लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत

**उतर बस्तर कांकेर 7 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्राकृतिक आपदा से पीड़ित तीन परिवारों के आश्रितों को चार-चार लाख रूपए के मान से 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है। सरोना तहसील के ग्राम सारण्डा निवासी 55 वर्षीय हिराराम भास्कर की गड्ढा में गिरकर डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती चैतीबाई के लिए चार लाख रूपए स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सरोना तहसील के ग्राम बासनवाही की 62 वर्षीय कोमल नेताम की नाली में डूबकर मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती मानबाई हेतु चार लाख रूपए तथा कांकेर तहसील के ग्राम मोदे निवासी 50 वर्षीय श्रीमती देवकीबाई कोरेटी की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित प्रभुराम के लिए चार लाख रूपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान हितग्राही के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### नक्सल प्रभावित सातधार-मालेवाही मार्ग पर

# सुरक्षा बलों ने 5 किलो का प्रेशर कुकर बम बरामद कर तीन नक्सलियों को किया गिरफ्तार







**दंतेवाड़ा 7 अक्टूबर।** जिले के नक्सल प्रभावित सातधार-मालेवाही मार्ग पर नक्सलियों द्वारा लगाये गये 5 किलो का प्रेशर कुकर बम बरामद कर मौके पर ही विस्फोट करते हुए निष्क्रिय कर नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है। प्रेशर कुकर में लगभग 5 किलो विस्फोटक भरी हुई थी। सुरक्षाबलों ने इस आईईडी को लगाने वाले 3 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इसकी पुष्टि दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को सातधार पुल के पास कुछ संदिग्धों को देखे जाने की सूचना पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन, बारसूर और मालेवाही थाना पुलिस की संयुक्त टीम मालेवाही कैंप से सातधार की ओर रवाना हुई, मौके पर 3 संदिग्ध पुलिस को देखकर छिपने का प्रयास करने लगे, जिन्हें जवानों ने घेराबंदी कर मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने पर संदिग्ध व्यक्तियों ने अपना नाम संतु मंडावी 36 वर्ष निवासी कचेनार, मनीराम उर्फ मनीष 24 वर्ष निवासी कचेनार व सुखमन मंडावी 24 वर्ष निवासी कचेनार को गिरफ्तार किया गया,

#### कब्जे से एक किलो का आईईडी भी बरामद किया

गिरफ्तार नक्सली प्रतिबंधित नक्सलियों ने संगठन के लिए सक्रिय सदस्य के रूप में काम करने की बात स्वीकार की एवं सातधार पुल के पास हाल ही में हुए आईईडी ब्लास्ट, जिसमें सीआरपीएफ के दो जवान घायल हुए थे, घटना में शामिल होने की बात भी बतायी। गिरफ्तार तीनों नक्सलियों की निशानदेही पर 1 किलो का प्रेशर आईईडी बरामद किया गया है। इसके साथ ही उनकी निशानदेही पर आईईडी लगाने में उपयोग किये गए सब्बल तथा अन्य सामान भी बरामद किए गए हैं।

## बस्तर दशहरा लोकोत्सव में सजी संस्कृति और कला का अप्रतिम छटा



**जगदलपुर, 07 अक्टूबर।** विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा लालबाग मैदान में आयोजित बस्तर दशहरा लोकोत्सव की सांस्कृतिक संध्या ने सोमवार 6 अक्टूबर को दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह शाम बॉलीवुड के तड़के और बस्तर की समृद्ध लोक कला का अद्भुत संगम रही, जिसमें भारी संख्या में कला प्रेमी उमड़े।

**बॉलीवुड के जादूगर अभिजीत सावंत ने बांधा समां:** सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक अभिजीत सावंत रहे। इंडियन आइडल फेम इस गायक की शानदार प्रस्तुति सुनने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ जुटी। अभिजीत सावंत ने अपनी सुरीली आवाज से एक से बढ़कर एक गीतों को पेश किया, जिसने लोकोत्सव की भव्यता में चार चांद लगा दिए। उनकी संगीतमय प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

**स्थानीय कला और पारंपरिक नृत्यों का भव्य प्रदर्शनः** कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली छात्र-छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुई, जिन्होंने बस्तर की सांस्कृतिक जड़ों को दर्शाया। विद्या ज्योति स्कूल, जगदलपुर के रोसो जामू और अर्चिता टोप्पो ने ओड़िया नृत्य का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हायर सेकेंडरी स्कूल, छिंदावाड़ा के विद्यार्थियों ने अपनी पारंपरिक धुरवा समूह नृत्य कला का प्रदर्शन किया। रुक्मिणी आश्रम, डिमरापाल की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को मंच पर जीवंत किया। उन्होंने करमा छत्तीसगढ़ी समूह नृत्य का प्रदर्शन किया। स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों ने पारंपरिक साय रेला विवाह समूह नृत्य प्रस्तुत किया। माध्यमिक विद्यालय बोरपदर के विद्यार्थियों ने भी ओड़िया समूह नृत्य के माध्यम से पड़ोसी राज्य के संस्कृति की झलक दिखाई।

### महिला के साथ अभद्र व्यवहार के कारण हुआ था विवाद

# दसरहा पसरा इलाके में हुई हत्या के आरोपी पकड़े गये

- **चार में से तीन आरोपी नाबालिग, पूछ-ताछ में स्वीकारा अपराध**

**जगदलपुर 7 अक्टूबर।** शहर के पुराना तहसील कार्यालय एवं दसरहा पसरा के निकट बाहर रैनी पूजा विधान के दिन देर रात एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में 3 नाबालिग हैं। पूछ-ताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि मुख्य आरोपी की बहन के साथ अभद्र व्यवहार किये जाने के परिणाम स्वरूप विवाद बढ़ा और हत्या की घटना हुई है।

ज्ञात हो कि विगत 5 अक्टूबर की रात करीबन डेढ़ बजे देवेश दुबे ने मोबाईल फोन कर बताया कि भाई करण बघेल को किसी ने पुराना तहसील कार्यालय पसरा जगदलपुर मे हत्या कर दी है, काफी चोंट लगी है। खून से लथपथ है, बताने पर पिता स्वयंबर बघेल के साथ पुराना तहसील कार्यालय के पास पहंचा और भाई करन बघेल को देखा तो उसके सिर पीछे व दाहिने जांघ में लाठी डण्डा व चाकू जैसे धारदार हथियार की चोट थी, सांस नही चल रहा था किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हत्या करने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 445/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा आरोपीयों के शीध्र गिरफतारी हेतु एएसपी महेश्वर नाग व सीएसपी सुमीत कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी थाना कोतवाली भोला सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम द्वारा लगातार प्रयास एवं मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी राहुल यादव को हिरासत में लेकर व अन्य 3 विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही के दौरान घटना के संबंध में पूछताछ की गयी, जिसमें आरोपी एवं अन्य 3 विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा अपने मेमोरण्डम कथन के आधार पर बताया गया कि घटना रात्रि करीबन 10 बजे मृतक करन बघेल दषहरा पसरा के सामने लगे अण्डा ठेला जिसकी संचालिका एक महिला थी के पास गया एवं माचिस की मांग की, जिस पर महिला द्वारा मना करने पर मृतक के द्वारा महिला पर अभद्र टिप्पणी की गयी, जिस पर वहां पर मौजूद महिला के भाई आरोपी राहुल यादव द्वारा मृतक को तीन चार झापड मारकर गाली-गलौज कर वहां से दूर किया गया फिर आरोपी राहुल यादव द्वारा विधि से संघर्षरत बालक को फोन कर बोला कि मेरी बहन को एक लडका दारू पीकर अभद्र टिप्पणी किया है, तुम जल्दी यहां ठेला के पास आओं कहने पर विधि से संघर्षरत बालक अपने अन्य दो साथी वो भी विधि से संघर्षरत हैं अण्डा ठेला के पास पहुंचे वहां पर मृतक भी मौजूद था, जहां आरोपी राहुल यादव द्वारा मृतक की ओर इशारा करते हुए विधि से संघर्षरत बालकों को बोला गया कि यही वह लडका है जो मेरी बहन को अभद्र टिप्पणी किया है, जिसपर विधि से संघर्षरत बालकों एवं मृतक के बीच वाद विवाद हुआ मृतक दशहरा पसरा के अंदर चला गया जिसके तत्काल पष्चात् तीनों विधि से संघर्षरत बालक भी अंदर गये जहां मृतक एवं विधि से संघर्षरत बालकों के बीच मारपीट हुई उसी दरमियान एक विधि से संघर्षरत बालक द्वारा पास में रखे धारदार चाकू से मृतक के जांघ पर वार किया।

#### चोट लगने के बाद भी हमलावरों को खदेड़ा

चोट लगने के बाद भी मृतक द्वारा पास में रखे डण्डा को उठाकर खदेड़ा जिस पर तीनों विधि से संघर्षरत बालक बाहर की ओर भागे जिसका पीछे करते करते मृतक द्वारा भी उनका पीछा करते करते दशहरा पसरा के गेट तक पहुंचा तब तक विधि से संघर्षरत बालक वहां से भाग चुके थे फिर मृतक कुछ क्षण गेट के पास खडा रहा फिर घटना स्थल पर चला गया जहां उसकी मृत्यु हो गयी। आरोपी राहुल यादव एवं तीनो विधि से संघर्षरत बालक का कथन एवं कबूलनामा पश्चात अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## बस्तर में औद्योगिक विकास के लिए उद्यमियों के साथ बैठक

**जगदलपुर 7 अक्टूबर।** बस्तर संभाग के उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में की गई घोषणा के अनुरूप उद्योग स्थापना को गति देने के लिए उद्यमियों एवं विभागीय अधिकारियों की समन्वय बैठक कलेक्ट्रेट के प्रेरणा सभाकक्ष में सम्पन्न हुई, जिसमें उद्योग स्थापना से संबंधित विभागों जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, श्रम, पर्यावरण संरक्षण मंडल, ग्राम तथा नगर निवेश, विद्युत वितरण कम्पनी, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की उपस्थिति में विभिन्न आवश्यकताओं एवं समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा नामांकित संयुक्त संचालक शिव राठौर द्वारा अवगत कराया गया कि बस्तर के औद्योगिक विकास हेतु औद्योगिक विकास नीति 2024-30 में विशेष प्रावधान किए गए हैं। आकर्षक नीति के फलस्वरूप माह अक्टूबर में ही 32 निवेशकों से 952 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है। बस्तर में पर्यटन की अपार संभावना को दृष्टिगत रखते हुए होटल, रिसोर्ट, एम्युजमेन्ट पार्क, होम स्टे को पहली बार औद्योगिक नीति में शामिल कर 45 प्रतिशत तक अनुदान के प्रावधान किए गए हैं। सुकमा, कोण्डागांव, बस्तर के उद्यमियों द्वारा अपनी मांग रखी गई। अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों के माध्यम से समस्याओं एवं मांगों के निराकरण हेतु आवश्यक पहल करने आश्वस्त किया गया।

## पार्षद की मारपीट के विरोध में निगम कर्मी बैठे धरने पर

- **नगर निगम के अस्थाई पंप ऑपरेटर के साथ जलापूर्ति को लेकर एक पार्षद के दुर्व्यवहार के मामले में प्रदर्शन**

**जगदलपुर 7 अक्टूबर।** नगर निगम के अस्थाई पंप ऑपरेटर के साथ जलापूर्ति को लेकर एक पार्षद ने दुर्व्यवहार किया, जिसके विरोध में निगम क्षेत्र के सभी नल ऑपरेटरों और सफाई कर्मियों में नाराजगी जताते हुए नगर निगम कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया और आयुक्त से शिकायत करने के साथ पुलिस में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई है।

नगर निगम के दैवेभो कर्मी सपन मण्डल, पम्प हाउस ऑपरेटर ने पुलिस को बताया है कि 5 अक्टूबर को लगभग 11 बजे विजय वार्ड के पार्षद गौतम पानी ग्राही निमल विद्यालय के पास स्थित पम्प हाउस आकर टेंकर में पानी देने की बात पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की है। कोतवाली पुलिस ने आवेदन का अध्ययन कर अपराध धारा 296, 115(2), 351 (2) बीएनएस का पाये जाने से अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है। इधर निगम कर्मचारियों ने आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा को शिकायती पत्र सौंपते हुए पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, साथ ही महापौर संजय पाण्डे को पूरी घटना के अवगत कराते हुए कहा है कि अगर आरोपी पार्षद के खिलाफ सैद्धांतिक कार्रवाई नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## ग्रामीणों की जमीन पर दलालों की नजर, फर्जी तरीके से हो रही रजिस्ट्रीः चांद

**जगदलपुर 7 अक्टूबर।** जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कुरंदी-2 व ग्राम चिलकुटी के सैकड़ों ग्रामवासियों ने बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा व जनता कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में तहसीलदार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और अपनी समस्या से अवगत कराए। इस अवसर पर चांद ने कहा कि जगदलपुर से 5 किलोमीटर दायरे के आसपास जमीन दलाल मिलीभगत से दशकों से रह रहे ग्रामीणों की जमीन छीनने लगे हैं, यह गंभीर एवं जांच का विषय है।उन्होंने कहा कि भू-माफियाओं ने उक्त ग्राम पंचायतों में 50 वर्ष से अधिक जमीनों पर कब्जा करके घर बनाकर रह रहे आदिवासियों को बेघर करने की साजिश, फर्जी तरीके से पट्टा बनाकर, सरकारी जमीनों पर नक्शा बैठाने का कार्य बड़े पैमाने में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भू-माफियाओं के द्वारा राजनीतिक संरक्षण एवं राजस्व अधिकारियों से मिलीभगत कर क्षेत्र के ग्रामवासियों के साथ जमीन का धोखाधड़ी लगातार किया जा रहा है, जिसकी शिकायतें दर्ज कराई जा रही है, परंतु इस विषय पर क्षेत्रीय जनप्तनिधियों और जिला प्रशासन की गंभीरता न होना बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। इस दौरान मोतीराम गोयल, समलू कश्यप, भक्तूराम गोयल, भारत गोयल, सुदर्शन बघेल, धनर बघेल, शंकर बघेल, रामू गोयल, खागूराम गोयल, डमरूधर, किरण कश्यप, सगनीराम बघेल, हेमधर बघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधायक, नपं अध्यक्ष व अधिकारियों की बैठक में कानून व्यवस्था,अवैध कब्जे हटाने,टैक्स वसूली करने पर हुई चर्चा

**गीदम 7 अक्टूबर।** जिले के गीदम नपं कार्यालय में सोमवार को जनप्रतिनिधियों एव स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई जिसमें क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी , नपं अध्यक्ष रजनीश सुराणा एव अन्य जनप्रतिनिधि समेत गीदम एसडीएम , तहसीलदार, थानां प्रभारी, पालिका के अधिकारी व नपं कर्मी शामिल हुए । इस बैठक में मुख्य रूप से नगर में कानून व्यवस्था बनाये रखने, नगर में अवैध अतिक्रमण कब्जा हटाने , नशीली पदार्थो की बिक्री पर रोक लगाने , टेक्स वसूली को सुदृढ एव सख्त बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई । इसके साथ ही नगर के विकास कार्यो को लेकर भी समीक्षा की गई । वही बैठक में लगभग 10 वर्षो से अव्यवस्थित गीदम के साप्ताहिक बाजार को भी व्यवस्थित करने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि



नगर के साप्ताहिक बाजार में देखा जा रहा है कि सड़क किनारे ही दुकाने लग रही है जबकि प्रशासन द्वारा साफ सुथरे महंगे बाजार शेड बनाकर यहाँ तैयार किये गए है यह बाजार शेड खाली पड़े रहते है, व्यापारियों द्वारा इन बाजार शेड का इस्तेमाल किया जाए इसे लेकर बैठक में विशेष रूप से चर्चा हुई । इसके साथ ही साप्ताहिक बाजार स्थल पर सड़क किनारे तार फेंसिंग कराने पर भी चर्चा की गई जिससे व्यापारी सड़क किनारे दुकाने न लगा सके । बता दे कि सड़क किनारे दुकान लगने पर यातायात व्यवस्था तो प्रभावित होती ही है साथ ही सड़क दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। इन सारे मुद्दों पर बैठक में चर्चा की गई और नागरिकों के लिए बेहतर व्यवस्था बनाये रखने आपसी समन्वय से जमीनी स्तर पर इसे लेकर प्रभावी कदम उठाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान विधायक चैतराम ने कहा कि हम सभी को मिलकर गीदम शहर को एक आदर्श शहर बनाने का संकल्प लेना होगा। शहर की कानून व्यवस्था, स्वच्छता और सुंदरता के लिए हम सभी को मिलकर आगे आना होगा ।


### बस्तर राइजिंग अभियान 8 अक्टूबर से होगा प्रारंभ

**जगदलपुर, 7 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग बस्तर संभाग के सभी जिलों के जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से बस्तर राइजिंग नामक विशेष अभियान 8 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। दो सप्ताह तक चलने वाला यह अभियान बस्तर संभाग के सातों जिलों में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य बस्तर की सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और उद्यमशील क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना है। अभियान के दौरान विशेषज्ञों, युवाओं, शिल्पकारों और स्थानीय समुदायों के बीच संवाद, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए जाएंगे। बस्तर राइजिंग का कारवां केशकाल, नारायणपुर, कोण्डागांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, चित्रकोट, बारसूर और जगदलपुर का भ्रमण करेगा। इस दौरान बस्तर की कला, हस्तशिल्प, कृषि, पर्यटन, खेल और शिक्षा से जुड़ी संभावनाओं पर विशेष फोकस किया जाएगा।

# पीएम आवास योजना से पूरा हुआ विमला का पक्का मकान का सपना

**बलौदाबाजार, 7 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने एक बार फिर ग्रामीण परिवार के जीवन में खुशहाली की नई रोशनी जगाई है। योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है।

विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलीपोता निवासी विमला निषाद, पति सियाराम निषाद का पक्का मकान निर्माण वर्ष 2024-25 में इस योजना के अंतर्गत स्वीकृत हुआ था। पूर्व में विमला निषाद मिट्टी के कच्चे घर में अपने परिवार सहित निवास करती थीं। घर की जर्जर स्थिति के कारण बरसात और सर्दी के मौसम में रहना अत्यंत कठिन था। विमला निषाद रोजी-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती थीं परंतु सीमित आय के कारण पक्का मकान बनाना



संभव नहीं था। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जब विमला निषाद का आवास स्वीकृत हुआ, तब उनके जीवन का एक नया अध्याय शुरू हुआ। आज विमला निषाद का सुंदर पक्का मकान बनकर तैयार हो गया है, जिससे उनके परिवार को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिला है। विमला निषाद ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से हमें अपना पक्का घर मिला है, जो पहले एक सपना था। इसके लिए मैं सरकार का दिल से धन्यवाद करती हूँ।

यह योजना ग्रामीणों के जीवन में स्थायी परिवर्तन लाने और 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम साबित हो रही है।

### नक्सलियों को नक्सल पुनर्वास योजना 2025 के तहत मुख्यधारा में लौटने का अवसर

# नीला कवासी ने बंदूक छोड़ अपनाया शांति और विकास का रास्ता

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** कभी जंगलों में बंदूक थामे रहने वाली जैमेर निवासी श्रीमती नीला कवासी आज विकास और शांति की मिसाल बन चुकी हैं। गरीबी और मजबूरी नेउन्हें नक्सल रास्ते पर धकेल दिया था, लेकिन दिल के किसी कोने में वह हमेशा एक शांतिपूर्ण जीवन का सपना देखती थीं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और गृहमंत्री श्री विजय शर्मा के नेतृत्व में नक्सलियों को नक्सल पुनर्वास योजना 2025 के तहत मुख्यधारा में लौटने का अवसर दिया गया, तब नीला ने हिम्मत दिखाई। उन्होंने आत्मसमर्पण कर न केवल हिंसा का रास्ता छोड़ा बल्कि अपने परिवार के लिए नई शुरुआत करने का संकल्प लिया।

आत्मसमर्पण के बाद शासन-प्रशासन ने नीला को विभिन्न पुनर्वास योजनाओं से जोड़ा।



प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत उन्हें एक पक्का घर और शौचालय की सुविधा मिली। यह घर उनके लिए सिर्फ रहने की जगह नहीं बल्कि जीवन के संघर्ष पर विजय का प्रतीक बन गया। तकनीकी व रोजगार सहायक ने घर निर्माण की निगरानी और बैंकिंग प्रक्रियाओं में उनका पूरा सहयोग किया। आज नीला अपने परिवार के साथ सुखमय जीवन जी रही हैं और गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।भावुक नीला कहती हैं कि पहले हमारे कच्चे घर में बरसात के दिनों में छत से पानी टपकता था। कई बार तो सोने की जगह नहीं बचती थी। अब प्रधानमंत्री आवास योजना की बदौलत हमें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिला है। मैं अपने परिवार के साथ चौन की नींद सो पाती हूँ।

लोग उन्हें मिसाल के रूप में देखते हैं कि कठिन परिस्थितियों से निकलकर भी जीवन को नई दिशा दी जा सकती है। नीला कवासी प्रधानमंत्री और राज्य सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहती हैं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री जी का तहे दिल से अभारी हूँ। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं ने हमारे जीवन में उजाला भर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना से मुझे नया जीवन मिला है, यह उपकार मैं कभी नहीं भूल पाऊँगी। जिला प्रशासन नक्सल पुनर्वास नीति के अंतर्गत ऐसे सभी व्यक्तियों के पुनर्वास और पुनर्स्थापन के लिए हर संभव सहयोग प्रदान कर रहा है। सभी शासकीय योजनाओं का लाभ उन्हें दिया जा रहा है।

### डेढ़ दशक बाद जगरगुंडा में लौटी रौनक

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** कभी नक्सल प्रभाव के कारण वीरान पड़ा जगरगुंडा अब फिर से जीवन और उल्लास से भर उठा है। डेढ़ दशक पहले यहां शाम ढलते ही सन्नाटा छा जाता था वहीं अब जगरगुंडा में बदलाव की बयार दिखने लगी है। जहां गोली बारूद की भयानक आवाज से लोग दहशत में आ जाते थे अब नवरात्रि में रास-गरबा की गूंज सुनाई दे रही है। 2006 के बाद सलवा जुडूम अभियान के चलते यहां का सामाजिक जीवन लगभग ठहर सा गया था। न तो सड़कें थीं, न बिजली, न स्वास्थ्य सेवाएँ। चारों ओर सुरक्षा घेरे और कंटीले तारों से घिरा यह इलाका एक समय फ्रप्रवेश वर्जित क्षेत्रफ्र माना जाता था। लेकिन अब तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। शासन-प्रशासन की निरंतर कोशिशों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से जगरगुंडा में फिर से रौनक लौट आई है।

# संजू सैमसन का नंबर कब आएगा

## टी-20 में ओपनिंग पोजिशन से हटाया गया, वनडे में युवा जुरेल ने जगह छीनी

**मुम्बई, 7 अक्टूबर (एजेंसी)।** 2015 में भारतीय टीम के लिए डेब्यू करने वाले संजू सैमसन 2023 तक महज 24 टी-20 मैच ही खेल सके थे। आखिरकार 2024 वर्ल्ड कप के बाद उनकी भारतीय टी-20 टीम में जगह पक्की हुई। उन्होंने फिर ओपनिंग करते हुए 5 महीनों में 3 शतक लगा दिए। लगा कि अब संजू भारत के लॉन्ग टर्म ओपनर होंगे। लेकिन, एशिया कप में उन्हें अपनी जगह शुभमन गिल के लिए खाली करनी पड़ गई।

संजू ने मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी की। फाइनल में जब भारतीय टीम 20 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी थी तब उन्होंने तिलक वर्मा के साथ 57 रन की पार्टनरशिप लगाई और भारत की मैच में वापसी कराई।

इसके बाद माना जा रहा था कि संजू ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की वनडे टीम में भी जगह बना लेंगे। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। मुख्य विकेटकीपर के तौर पर केएल राहुल चुने गए और बैकअप के तौर पर ध्रुव जुरेल टीम में आ गए। संजू बाहर रह गए। ऐसा तब हुआ है जब संजू ने 16 वनडे मैचों में 56 की औसत से रन बनाए हैं। दूसरी ओर जुरेल ने अभी वनडे में डेब्यू भी नहीं किया है।संजू एक बार फिर नजरअंदाज हो गए। हालांकि, यह पहला मौका नहीं जब संजू और उनके फैंस का दिल टूटा हो। 10 साल से उनकी कहानी इसी तरह उम्मीद और हार्ट ब्रेक के बीच झूलती रही है।

**एशिया कप में पोजिशन बदल दी:** एक साल में 3 सेंचुरी और 2 फिफ्टी की मदद से 619 रन बना चुके सैमसन की टी-20 टीम में जगह पक्की हो गई। फिर इस साल सितंबर में एशिया कप हुआ। शुभमन गिल उप कप्तान बने और उन्हें सैमसन की जगह ओपनिंग पोजिशन दे दी गई। सैमसन को मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करनी पड़ी।

ACC टूर्नामेंट में पोजिशन बदलने के कारण 3 मैचों में सैमसन की बैटिंग ही नहीं आई। 4 मुकाबलों में उन्होंने 56, 13, 39 और 24 के स्कोर बनाए। फाइनल में सैमसन ने तिलक वर्मा के साथ अहम फिफ्टी पार्टनरशिप कर टीम को मुश्किल परिस्थिति से निकाला। दूसरी ओर शुभमन ओपनिंग के बावजूद कोई फिफ्टी नहीं लगा सके। 47 रन उनका बेस्ट स्कोर रहा।



### अंडर-19 वर्ल्ड कप से पहचान बनाई

2014 का अंडर-19 वर्ल्ड कप पिछले 15 साल में भारत के लिए सबसे खराब रहा। टीम क्वार्टर फाइनल में ही इंग्लैंड से हारकर बाहर हो गई। इसके बावजूद ICC टूर्नामेंट ने भारत को श्रेयस अय्यर, कुलदीप यादव और संजू सैमसन जैसे भविष्य के सितारे दे दिए। टूर्नामेंट में युवा सैमसन ने अपनी पावर हिटिंग से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने निकोलस पूरन के बाद सबसे ज्यादा 12 छक्के लगाए। टॉप-15 रन स्कोरर में उनका स्ट्राइक रेट पूरन के बाद बेस्ट रहा। वे टीम इंडिया के टॉप स्कोरर भी रहे और ग्रुप स्टेज में अकेले दम पर टीम को मैच जिताए।

**20 साल की उम्र में डेब्यू कर लिया:** अंडर-19 वर्ल्ड कप से पहले ही 2013 में उनकी पावर हिटिंग को देखते हुए राजस्थान रॉयल्स ने IPL के लिए खरीद लिया। शुरुआती 2 सीजन उन्होंने 24 मैच भी खेल लिए, इनमें 22 छक्के और 44 चौके शामिल रहे।

### सैमसन के लिए अब आगे क्या?

30 साल के संजू सैमसन व्हाइट बॉल क्रिकेट में फिलहाल अपने पीक फॉर्म में हैं, लेकिन टी-20 में पोजिशन बदलने के कारण उन्हें मौके कम मिल रहे हैं। दूसरी ओर, वनडे टीम में उन्हें चुना तक नहीं गया। अगर टी-20 में वे अपनी नॉन-फेवरेट पोजिशन पर खुद को साबित नहीं कर सके तो जल्द ही टीम इंडिया से उनका पत्ता पूरी तरह कट जाएगा। उन्हें प्लेइंग-11 में बने रहना है तो फिनिशर की पोजिशन पर लगातार तेज रन बनाने ही होंगे। अगले साल भारत में ही टी-20 वर्ल्ड कप भी होना है। सैमसन को टीम में चुना जरूर जाएगा, लेकिन क्या उन्हें अपनी ओपनिंग पोजिशन वापस मिलेगी? 2027 में वनडे वर्ल्ड कप है। पंत बैकअप विकेटकीपर की रेस में आगे हैं, लेकिन सैमसन के मुकाबले उनका वनडे प्रदर्शन कमजोर हैं। अगर टीम मैनेजमेंट सैमसन को साइडलाइन करना चाह रही है तो वनडे टीम में उन्हें मौका मिल पाना बेहद मुश्किल है।

## एक नजर

### वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर बर्नार्ड जूलियन का निधन

**जमैका, 7 अक्टूबर (एजेंसी)।** 1975 वर्ल्ड कप में जूलियन ने ग्रुप स्टेज में श्रीलंका के खिलाफ 20 रन देकर 4 विकेट लिए थे। इसके बाद जूलियन ने सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 रन देकर 4 विकेट लिए थे। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 37 बॉल पर नाबाद 26 रन की पारी भी खेली थी। उन्होंने 1970 से 1977 तक इंग्लैंड की काउंटी टीम केंट के लिए भी खेला। हालांकि, उनका इंटरनेशनल करियर तब रुक गया जब उन्होंने 1982-83 में साउथ अफ्रीका का दौरा किया। उस वक्त साउथ अफ्रीका में रंगभेद चरम पर था। ऐसे समय में वह साउथ अफ्रीका का दौरा करने वाली बागी वेस्टइंडीज टीम का हिस्सा रहे। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. किशोर शैलो ने बयान जारी करते हुए कहा कि बर्नार्ड जूलियन को सम्मानित करते हुए हम उस दौर की घटनाओं को बहिष्कार के नजरिए से नहीं बल्कि समझ के साथ देखना चाहिए। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज हमेशा उनके योगदान को याद रखेगा। उन्होंने जो विरासत छोड़ी, वह सदा जीवित रहेगी। 1982-83 में वेस्टइंडीज की टीम साउथ अफ्रीका दौरे पर गई थी। उस समय साउथ अफ्रीका पर अपार्थाइड नीति के कारण अंतरराष्ट्रीय खेल बहिष्कार लागू था।



### रणजी ट्रॉफी से वापसी कर सकते हैं ऋषभ पंत

**बेंगलुरु 7 अक्टूबर।** चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे विकेटकीपर ऋषभ पंत रणजी ट्रॉफी से कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, यह उनकी फिटनेस पर निर्भर करता है। TOI ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि पंत ने DDC के प्रेसिडेंट रोहन जेटली से रणजी ट्रॉफी खेलने की इच्छा जताई है। उन्होंने जेटली से कहा है कि उन्हें 25 अक्टूबर से दिल्ली में होने वाले मैच तक फिट हो जाना चाहिए। हालांकि, पंत को BCCI की मेडिकल टीम से क्लीयरेंस लेना होगा। 28 साल के ऋषभ वर्तमान में बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंसी में रिहैब कर रहे हैं। उनकी फिटनेस पर सेंटर के सूत्र ने कहा- %अभी तक संभावना यही है कि 10 अक्टूबर तक उन्हें क्लीन चिट मिल जाएगी। इसी हफ्ते उनका निरीक्षण होगा। ऋषभ पंत अपनी इंजरी के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ जारी 2 मैचों की टेस्ट टीम से बाहर हैं। उनकी जगह ध्रुव जुरेल और नारायण जगदीशन को टीम में शामिल किया गया है। इस सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय टीम ने पारी और 140 रनों के अंतर से जीता था। टीम 1-0 से आगे है।

# पीएम मोदी ने भारतीय एथलीट्स को सराहा

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, हमारे पैरा एथलीट्स का ऐतिहासिक प्रदर्शन! इस वर्ष वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बेहद खास रही। भारतीय दल ने अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 6 गोल्ड मेडल सहित 22 मेडल जीते। हमारे एथलीट्स को बधाई। उनकी सफलता कई लोगों को प्रेरित करेगी। मुझे अपने दल के प्रत्येक सदस्य पर गर्व है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देता हूं। भारत में अब तक का सबसे बड़ा पैरा गेम्स वर्ल्ड पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 भारत में अब तक का सबसे बड़ा पैरा गेम्स आयोजन रहा। पीएम नरेंद्र मोदी ने लिखा, दिल्ली में इस टूर्नामेंट की मेजबानी करना भी भारत के लिए सम्मान की बात रही है। इस टूर्नामेंट का हिस्सा रहे लगभग 100 देशों के एथलीट्स और सपोर्ट स्टाफ का आभार।

**भारतीय एथलीट्स ने तीन चैंपियनशिप और सात एशियन रिकॉर्ड्स बनाए:** जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के मोंडो ट्रैक पर भारतीय एथलीट्स ने इस चैंपियनशिप में तीन चैंपियनशिप रिकॉर्ड्स और सात एशियन रिकॉर्ड्स बनाए। इस दौरान 30 से ज्यादा खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किए।




**ब्राजील कुल 44 मेडल के साथ शीर्ष पायदान पर रहा:** वर्ल्ड पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में ब्राजील कुल 44 मेडल के साथ शीर्ष पायदान पर रहा। इस देश के एथलीट्स ने 15 गोल्ड, 20 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज मेडल जीते।

**चीन 52 मेडल के साथ दूसरे स्थान पर रहा:** वहीं, चीन 52 मेडल के साथ दूसरे स्थान पर रहा। चीनी खिलाड़ियों ने 13 गोल्ड, 22 सिल्वर और 17 ब्रॉन्ज अपने नाम किए।

**कुल 16 मेडल के साथ ईरान तीसरे स्थान पर रहा:** कुल 16 मेडल के साथ ईरान तीसरे स्थान पर रहा, जिसके एथलीट्स ने 9 गोल्ड, 2 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल जीते।

# 10 भारतीय खिलाड़ियों से छीनी गई कप्तानी!

**नई दिल्ली 7 अक्टूबर।** भारतीय क्रिकेट में कप्तानी हमेशा एक अस्थायी पद साबित हुई है। हर कप्तान ने अपने दौर में भारत को नई ऊंचाइयां दीं, लेकिन अंत में उन्हें भी प्रणाली, राजनीति या समय के सामने झुकना पड़ा। आज गिल, रोहित और हार्दिक के बीच जो रोटेशन दिख रहा है, वह बताता है कि भारतीय क्रिकेट में कप्तान बदलते हैं, लेकिन दबाव नहीं।

भारतीय क्रिकेट में कप्तानी सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक भावना और सत्ता का प्रतीक रही है। पिछले 25 वर्षों में कई महान खिलाड़ियों ने यह पद संभाला, लेकिन कुछ ही इसे लंबे समय तक टिकाए रख पाए। सौरव गांगुली से लेकर रोहित शर्मा तक, भारतीय क्रिकेट के इतिहास में ऐसे कई मौके आए जब किसी कप्तान को अचानक या विवादों के बीच पद से हटा दिया गया। यहां जानिए उन 10 भारतीय कप्तानों की कहानी, जिनसे किसी न किसी वजह से कप्तानी छीन ली गई।

भारत को आक्रामकता और आत्मविश्वास देने वाले सौरव गांगुली को 2005 में ग्रेग चैपल विवाद के बीच कप्तानी से हटाया गया। टीम के भीतर मतभेद, खराब फॉर्म और प्रबंधन से टकराव की वजह से गांगुली को हटा दिया गया। तब ग्रेग चैपल टीम इंडिया के कोच बने थे और गांगुली और उनके बीच कई फैसलों को लेकर मतभेद था। बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ को कप्तान बना दिया। हालांकि, दादा ने वापसी की और बल्ले से जवाब दिया, लेकिन उनकी कप्तानी का दौर 2005 में ही समाप्त हो गया। दादा ने 195 अंतरराष्ट्रीय मैचों में टीम इंडिया की कमान संभाली। इनमें से भारत ने 97 मैच जीते। 78 में भारतीय टीम को हार मिली। 15 मैच ड्रॉ और पांच मैच टाई रहे।

# विमेंस वर्ल्ड कप में आज इंग्लैंड

**बांग्लादेश: वनडे में दूसरी बार होगा सामना, बारिश डाल सकती है खलल**

**गुवाहाटी, 7 अक्टूबर (एजेंसी)।** विमेंस वर्ल्ड कप में आज चार बार की चैंपियन इंग्लैंड का सामना लीग स्टेज में बांग्लादेश से होगा। मुकाबला गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3ः00 बजे से खेला जाएगा। टॉस हर मैच की तरह 2ः30 बजे होगा। दोनों टीमें वनडे फॉर्मेट में दूसरी बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले साल 2022 वर्ल्ड कप में सामना हुआ था। इस मुकाबले में इंग्लैंड को 100 रन से जीत मिली थी।

**इंग्लैंड पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर:** दोनों टीम ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया जबकि इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका को 69 रन पर ऑलआउट करने के बाद 10 विकेट से जीत दर्ज की। दोनों टीमों के एक-एक मैच खेलने के बाद 2-2 पॉइंट्स हैं। लेकिन, इंग्लैंड बेहतर रन रेट की वजह से पॉइंट्स टेबल में तीसरे और बांग्लादेश चौथे नंबर पर है।

**इंग्लैंड की टीम मजबूत:** मैच में इंग्लैंड की गेंदबाजों का अनुभव काम आएगा। लिंसी स्मिथ, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन की स्पिन तिकड़ी साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने सफल प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विरोधी टीम के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। टीम की बैटर्स और ऑलराउंडर्स बांग्लादेश के लिए एक बड़ी चुनौती होगी।




### दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11

**इंग्लैंड:** एमी जोन्स (विकेटकीपर), टैमी ब्यूमोंट, एमा लैम्ब, नैट सिवर-ब्रंट (कप्तान), सोफिया डंकली, डैनी व्याट-हॉज, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन, लिंसी स्मिथ, लॉरेन फिलर, लॉरेन बेल।

**बांग्लादेश:** फरगाना हक, रुबिया हैदर, शरमीन अख्तर, निगार सुल्ताना (कप्तान और विकेटकीपर), सोभना मोस्तरी, शोरना अख्तर, फहिमा खातून, नाहिदा अख्तर, राबेया खान, मारुफा अख्तर, निशिता अख्तर निशी।

## व्यापार

# नवरात्रि में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री:भारत के ऑटो सेक्टर ने रचा नया इतिहास

**नई दिल्ली 7 अक्टूबर।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग ने 22 सितंबर से 30 सितंबर तक नवरात्रि की अवधि के दौरान अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री वृद्धि दर्ज की, जिसमें सालाना आधार पर 34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जीएसटी सुधारों के कारण यात्री वाहनों की बिक्री में 34.8 प्रतिशत और दोपहिया वाहनों की बिक्री में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है

जीएसटी सुधारों के कारण यात्री वाहनों की बिक्री में 34.8 प्रतिशत और दोपहिया वाहनों की बिक्री में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सितंबर में कुल बिक्री वृद्धि 5.22 प्रतिशत बढ़कर 18,27,337 यूनिट रही, जबकि पिछले वर्ष सितंबर में बिक्री 17,36,760 यूनिट रही। 21 सितंबर तक बिक्री में धीमी गति दर्ज की गई, जिसके बाद की अवधि में बिक्री में उछाल दर्ज किया गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि ऑटो डीलरशिप पर दोपहिया, यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों के फ्लीट में इंक्वायरी और बुकिंग में भारी वृद्धि देखी जा रही है



रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर के अंतिम दिनों में बनी यह गति दीपावली तक जारी रहेगी, जो 42 दिनों के त्योहारी सीजन के एक आशाजनक अंत का प्रतीक है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ऑटो डीलरशिप पर दोपहिया, यात्री वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों के फ्लीट में इंक्वायरी और बुकिंग में भारी वृद्धि देखी जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, अगर लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम सुचारू रूप से काम करते हैं तो यह भारत का अब तक का सबसे अच्छा त्योहारी सीजन हो सकता है

रिपोर्ट के अनुसार, अगर लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम सुचारू रूप से काम करते हैं तो यह भारत का अब तक का सबसे अच्छा त्योहारी खुदरा सीजन हो सकता है, क्योंकि सप्लाई चेन देश की त्योहारी मांग के अनुरूप हैं।

सितंबर में दोपहिया कैटेगरी की बिक्री 6.1 प्रतिशत बढ़कर 12,87,735 यूनिट हो गई, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 12,08,996 यूनिट थी। निजी वाहनों की बिक्री 5.81 प्रतिशत बढ़कर 2,99,369 यूनिट हो गई, जबकि सितंबर 2024 में यह आंकड़ा 2,82,945 यूनिट था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि क्योंकि डीलरों ने इस अवधि का उपयोग इन्वेंट्री को फिर से भरने के लिए किया, इसलिए पीवी सेगमेंट का स्टॉक स्तर लगभग 60 दिनों तक बढ़ गया। इस बीच, सितंबर के दौरान, तिपहिया और कमर्शियल इक्विप्मेंट व्हीकल की बिक्री में क्रमशः 7.20 प्रतिशत और 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। **(इनपुट-आईएएनएस)**

### जीएसटी 2.0 सुधार लागू होने के बाद इसमें उछाल दर्ज

फाडा ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जीएसटी रेट में कटौती और फेस्टिव डिमांड की वजह से इंक्वायरी और बुकिंग में वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, लिमिटेड बिलिंग डेज की वजह से वृद्धि की पूरी संभावना को सीमित कर दिया। सभी क्षेत्रों में,यही स्थिति देखी गई, जहां 21 सितंबर तक खुदरा बिक्री सुस्त रही और उसके बाद जीएसटी 2.0 सुधार लागू होने के बाद इसमें उछाल दर्ज किया गया। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, नवरात्रि 2025 भारत की ऑटोमोबाइल खुदरा यात्रा के सबसे यादगार अध्यायों में से एक के रूप में याद की जाएगी। पीएम मोदी द्वारा घोषित दूरदर्शी जीएसटी 2.0 सुधार द्वारा शुरू किया गया यह एक सच्चा 'बचत उत्सव' रहा। सितंबर के दौरान, तिपहिया और कमर्शियल इक्विप्मेंट व्हीकल की बिक्री में क्रमशः 7.20 प्रतिशत और 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## एक नजर

### सुरक्षित और समझदारी से खरीदारी करें, इस त्योहार के मौसम के लिए उपभोक्ता सुरक्षा मार्गदर्शन

**नई दिल्ली, 7 अक्टूबर।** बड़े त्योहार खरीदारों के लिए लंबी खरीदारी सूचियाँ प्रेरित करते हैं और साथ ही ठगों के लिए बड़े अवसर भी। अपने मौसमी शॉपिंग अनुभव को किसी महत्वपूर्ण यात्रा की तरह देखें- रास्ते की योजना बनाएं, भरोसेमंद मार्गों का उपयोग करें, और अपनी कीमती चीज़ें सुरक्षित रखें। नीचे एक व्यावहारिक, विशेषज्ञ-शैली की चेकलिस्ट दी गई है, जो सार्वभौमिक सुरक्षा सर्वोत्तम प्रथाओं को उन उदाहरणों के साथ मिलाती है कि कैसे कंपनियाँ जैसे अमेजन अपनी सुरक्षा बढ़ा रही हैं और ऐसे टूल्स प्रदान कर रही हैं, जिन्हें आप अभी इस्तेमाल कर सकते हैं। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट - लीगल राकेश बक्शी ने कहा, कुछ आदतें जैसे भुगतान करने से पहले वेबसाइट्स की पुष्टि करना, मल्टीफैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू करना, बैंक स्टेटमेंट्स की जाँच करना और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करना जोखिम को काफी हद तक कम कर देती हैं। हम अपनी तरफ़ से पर्दे के पीछे काम कर रहे हैं; हम उपभोक्ताओं को आमंत्रित करते हैं कि वे स्क्रीन के सामने अपनी जिम्मेदारी निभाएँ. अमेजन जैसी कंपनियाँ सुरक्षित ईमेल संकेतों में निवेश कर रही हैं (ताकि प्रामाणिक संदेश प्राथमिक इनबॉक्स में अमेजन स्माइल आइकन के साथ दिखें), सार्वजनिक शिक्षा साझेदारियों में काम कर रही हैं, और समर्पित जांचकर्ताओं व मशीन लर्निंग विशेषज्ञों को नियुक्त कर रही हैं, जो बड़े पैमाने पर खरीदारों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। आपके लिए इसका परिणाम कार्ट में जोड़ें से डिलिवर हो गया तक एक सरल और सुरक्षित रास्ता।

### एनएसई के पंजीकृत निवेशक 12 करोड़ के पार

**रायपुर 7 अक्टूबर।** रायपुर 2025 को, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यूनिक रजिस्टर्ड निवेशकों की संख्या 12 करोड़ (120 मिलियन) के आँकड़े को पार कर गई। 23 सितंबर, 2025 तक एनएसई पर कुल निवेशक खाते (यूनिक क्लाइंट कोड्स) 23.5 करोड़ हो गए हैं, जो जुलाई 2025 में 23 करोड़ के आँकड़े को पार कर चुके थे। (इसमें अब तक के सभी रजिस्ट्रेशन्स शामिल हैं; क्लाइंट्स एक से अधिक ट्रेडिंग मेंबर के साथ रजिस्टर कर सकते हैं)। निवेशक आधार का विस्तार, समय के साथ काफी तेज़ हुआ है। एनएसई के संचालन शुरू होने के 14 साल बाद रजिस्टर्ड निवेशक आधार 1 करोड़ तक पहुँचा, अगले 1 करोड़ जोड़ने में लगभग सात साल लगे, उसके बाद 1 करोड़ जोड़ने में लगभग ढाई साल और उसके बाद 1 करोड़ जोड़ने में एक साल से थोड़ा अधिक समय लगा।

### भारत और यूरोपीय संघ व्यापार समझौते पर नए दौर की वार्ता शुरू करेंगे

**नई दिल्ली 7 अक्टूबर।** भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) सोमवार को ब्रसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 14वें दौर की वार्ता शुरू करेंगे। यह जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बातचीत का यह नया दौर पांच दिनों तक चलेगा। इसके बाद वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके यूरोपीय संघ के समकक्ष मारोस सेफ्कोविक के बीच दक्षिण अफ्रीका में जी20 ट्रेड कमिश्नर्स के शिखर सम्मेलन के साइडलाइन एक और बैठक होगी।

# 10 ग्राम सोना 1.20 लाख पर पहुंचा

■ **सोना 1,44,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है वही चांदी 1,49,438 रुपए प्रति किलो हो गई**

**नई दिल्ली 7 अक्टूबर।** सोने-चांदी के दाम आज यानी 7 अक्टूबर को ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 718 रुपए बढ़कर 1,19,967 रुपए पर पहुंच गया। इससे पहले ये 1,19,249 रुपए पर था। इस साल अब तक सोने की कीमत करीब 43,805 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,19,967 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 63,421 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,49,438 रुपए प्रति किलो हो गई है। गोल्डमैन सैक्स की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने अगले साल तक सोने के लिए 5000 डॉलर प्रति औंस का टारगेट रखा है। मौजूदा एक्सचेंज रेट के हिसाब से रुपए में यह लगभग 1,55,000 रुपए प्रति 10 ग्राम होगा। ब्रोकरेज फर्म पीएल कैपिटल के डायरेक्टर संदीप रायचुरा ने कहा कि सोना 1,44,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।



### 4 बड़े कारण, जिससे सोने में तेजी के आसार दिख रहे हैं...

1. केंद्रीय बैंकों की खरीदारी- दुनियाभर के बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं।
2. 'ट्रम्प फैक्टर' और नीति-अनिश्चितता- अमेरिका की नीतियों को लेकर अनिश्चितता है। फेडरल रिजर्व पर दखल की बातें डॉलर-बॉन्ड बाजार को कमजोर करती हैं।
3. क्रिप्टो से सोने की ओर रुख- क्रिप्टो में उतार-चढ़ाव और सख्त नियमों के डर से निवेशक पैसा सोने में लगा रहे हैं। पिछले कुछ समय के दौरान भारत में शेयर बाजार से कम रिटर्न ने भी सोने को आकर्षक बना दिया।
4. लॉन्ग-टर्म एसेट- सोना कभी भी पूरी तरह बेकार नहीं होता। यह नष्ट नहीं होता, सीमित मात्रा में है और महंगाई के समय अपनी कीमत बचा लेता है।

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग

रा.प्र.क्र./202509104700037 /अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री विरेश सिंह पिता स्व. उदय वीर सिंह उम्र 56 वर्ष निवासी द्वारका सेक्टर 06, दिल्ली कैन्टान में, साउथ वेस्ट दिल्ली के द्वारा स्थित भूमि मौजा- जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं.- जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 420/43, रकबा 0.0200 हे. भूमि है। जो कि आवेदक के पिता यू.बी. सिंह के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक के पिता- यू.बी.सिंह पिता- श्री आर.पी. सिंह का स्वर्गवास दिनांक 07/12/2024 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उसके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम- 1. श्रीमती रेमा सिंह (पत्नी) 2. कविता सिंह (पुत्री) 3. श्री विरेश सिंह (पुत्र) 4. रचना सिंह (पुत्री) का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 16/10/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 29/09/2025**
**सुनवाई दिनांक- 16/10/2025**

मुहर — **अति. तहसीलदार दुर्ग-01**

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला-दुर्ग

रा.प्र.क्र./202509104700045 /अ-6/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनीष कुमार साहू पिता- आनंद राम साहू उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01. जुनवानी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा स्थित भूमि मौजा - जुनवानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म.- जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 611 रकबा 0.0200 हे. भूमि है। जो कि आवेदक एवं अन्य सहखातेदारों के नाम से वर्तमान भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी आवेदक की माता श्रीमती कीर्तन का स्वर्गवास दिनांक 03/11/2020 को एवं आवेदक के चाचा परदेशीराम का स्वर्गवास दिनांक 05/08/2020 को एवं आवेदक की बुआ सावित्री का स्वर्गवास दिनांक 27/01/2021 को एवं सहखातेदार आवेदक की बुआ जमोत्री का स्वर्गवास दिनांक 27/09/2016 को हो जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतको का नाम विलोपित कर उसके स्थान पर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदारों का नाम यथावत् रखे जाने हेतु फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा हो तो वह नियत दिनांक 13/10/25 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/09/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 23/09/2025**
**सुनवाई दिनांक-13/10/2025**

मुहर — **अति. तहसीलदार दुर्ग-01**

### राजस्व मामले में नोटिस

**न्यायालय -न्यायालय नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर तहसील- लालबहादुर नगर जिला-राजनांदगांव**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक - 202506095000005**
**मामले का विषय-ब-121 (विविध सामान्य राजस्व मामले)**

**पक्षकारों का विवरण -**
**आवेदक पक्षकार -दशरथ,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**भूमि का विवरण जिसके संबंध में विवाद विचारधीन है**
**जिला-राजनांदगांव तहसील-लालबहादुर नगर प.ह.नं.-00006 ग्राम (खसरा (रकबा)। बागरेकसा आवेदक/अनावेदक/गवाह जिसे नोटिस जारी किया जा रहा है**
**नाम-दशरथ पिता-देवलाल,**
**पता-निवासी डोगरगढ़ कृषक ग्राम बागरेकसा तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव**

आपको सूचित किया जाता है कि उपयुक्त मामले के सुनवाई की तारीख - 10/10/2025 दिन के 11 बजे, स्थानः न्यायालय नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर पर होगी।

विषयः आवेदक दशरथ पिता देवलाल जाति सोनी, निवासी डोगरगढ़ कृषक ग्राम बागरेकसा तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के द्वारा ग्राम बागरेकसा स्थित भूमि ख.नं. 294 रकबा 4.07ए./1.647 हे. भूमि स्थित है। जिसे आवेदक द्वारा दिलीप कुमार पिता धरमूराम, बुधन्तीन पति धरमूराम जाति महार निवासी बागरेकसा वाले से दिनांक 22.02.2012 को उप पंजीयक कार्यालय डोगरगढ़ से क्रय किया गया है। जिसका आवेदक को ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ है। उपर्युक्त भूमि के वर्तमान आनलाईन नक्शा, खसरा, बी-1 में चौनसिंग का नाम दर्ज है, जो त्रुटिपूर्ण है। अतः ग्राम बागरेकसा स्थित भूमि ख.नं. 294 रकबा 4.07ए/1.647 हे. भूमि को आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

**नोटिस दिनांक-24/09/2025**

मुहर — **नायब तहसीलदार लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

## एक नजर

### बिहार चुनाव पर बोले सीएम साय : हाईकमान का आदेश आएगा फिर करेंगे दौरा



**रायपुर,7 अक्टूबर।** दिल्ली दौरे से लौटे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति से मुलाकात की। जनजाति गौरव दिवस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। सीएम ने कहा, आज बिहार चुनाव की घोषणा हुई है। कहां किसको जाना है, हाईकमान का आदेश आएगा फ्रि बिहार दौरा शुरू हो जाएगा। दिल्ली दौरे को लेकर सीएम ने कहा, उपराष्ट्रपति से मुलाकात कर रजत जयंती वर्ष में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भी हमारी मुलाकात हुई है। बिलासपुर में एयरपोर्ट के विकास के लिए रक्षा मंत्रालय की जमीन को लेकर चर्चा की गई। एयरपोर्ट के विकास के लिए रक्षा मंत्रालय की जमीन को लेकर आग्रह किया गया। सीएम साय ने कहा, छत्तीसगढ़ के बेटा-बेटियों को नौकरी मिले, इस विषय पर भी चर्चा हुई है।

### युक्तियुक्तकरण से डूबान क्षेत्र के विद्यालय को मिला नया शिक्षक

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** कोरबा जिले के पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम कोदवारी, जो चारों ओर जंगल और पर्वतों से घिरा है, लंबे समय तक शैक्षणिक संसाधनों की कमी से जूझता रहा। बांगो बांध निर्माण के दौरान इस क्षेत्र के अनेक परिवारों की भूमि डूबान क्षेत्र में समा गई, जिससे आजीविका के सीमित साधन शेष रह गए। ऐसे हालात में गाँव के बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो, इसके लिए शासन द्वारा यहाँ प्राथमिक शाला की स्थापना की गई। वर्ष 2005 में प्राथमिक शाला का दर्जा प्राप्त इस विद्यालय में लंबे समय तक केवल एक शिक्षक कार्यरत रहे, जिससे कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को एक साथ पढ़ाना चुनौतीपूर्ण रहा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किए जाने से इस विद्यालय में एक अतिरिक्त शिक्षक की पदस्थापना की गई, जिससे यहाँ की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। प्रधानपाठक श्री दिवाकर सिंह के साथ अब श्री मानिक दास दीवान भी नियमित रूप से अध्यापन कर रहे हैं। विद्यार्थियों के अनुसार अब उन्हें प्रत्येक कक्षा के अनुसार बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि नए शिक्षक के आगमन से विद्यालय में शिक्षा का स्तर बढ़ा है और बच्चों की पढ़ाई बेहतर हुई है।

### दुकान से नकदी सहित हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** नगर पंचायत कुरा स्थित दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 12 हजार सहित हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धनेन्द्र देवांगन 27 वर्ष ग्राम कुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके दुकान का ताला तोड़कर नकदी 12 हजार सहित 5 बंडल कपड़ा, 5 नग मोबाइल, 1 नग चांदी का ब्रेसलेट पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 47 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सात दिवसीय जीवन विद्या शिविर की शुरुआत

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** श्रद्धेय अग्रहरि नागराज ने मानव चेतना विकास मूल्य शिक्षा मध्यस्थ दर्शन-सह अस्तित्ववाद पर आधारित सात दिवसीय जीवन विद्या परिचय शिविर का आयोजन 7 से 13 अक्टूबर तक अग्रोहा धाम, छोकरानाला रायपुर में किया गया है, जिसमें प्रबोधक सोमदेव त्यागी होंगे। संवाद के जरिये प्रतिभागियों से जीवन में सुखी और समृद्ध होने के सम्बन्ध मे प्रतिदिन चार सत्रों में चर्चा होगी। इस कार्यशाला में कोई भी व्यक्ति शामिल हो सकता है। यह पूरी तरह निःशुल्क है, केवल भोजन और आवास की सुविधा लेने पर सहयोग राशि ली जाएगी। इसके लिए मोबाइल नंबर 98930 25307 एवं 75063 36797 पर संपर्क कर पंजीयन कराया जा सकता है। पंजीयन सुबह 8 बजे से अग्रसेन धाम में आरंभ होगा, वहां आनस्पाट भी पंजीयन कराया जा सकता है।

# अगले 2 दिन तेज बारिश, सरगुजा में धुंध से विजिबिलिटी घटी

### 11 जिलों में बिजली गिरने, आंधी चलने का अलर्ट, 5 दिनों में 157 प्रतिशत ज्यादा बारिश



**रायपुर, 7 अक्टूबर।** मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक पूरे छत्तीसगढ़ में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कई क्षेत्रों में बादल गरजने और आंधी-तूफान जैसी गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। इसी बीच सरगुजा में तापमान में गिरावट के बाद शहर में धुंध छाने लगा है। सुबह के समय घनी धुंध छाने से विजिबिलिटी कम रही, जिससे वाहन चालकों को धीमी गति से चलना पड़ा। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी, जिससे धुंध और अधिक घनी हो सकती है। इस बीच विभाग ने आज (बुधवार) बस्तर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, जशपुर, सरगुजा और बलरामपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में बिजली गिरने, तेज आंधी और गरज-चमक की चेतावनी दी गई है। अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहने की संभावना जताई गई है।

वहीं, 9 अक्टूबर के बाद उत्तर छत्तीसगढ़ में बारिश और गरज-चमक की तीव्रता में कमी आने के आसार हैं। सरगुजा में धुंध छाने से विजिबिलिटी कम हो गई है।



#### अक्टूबर में अब-तक 157%ज्यादा बरसा पानी

इस बार अक्टूबर माह में अब तक सामान्य से 157त्न अधिक बारिश दर्ज की गई है। आमतौर पर 5 अक्टूबर तक राज्य में औसतन 21.1 मिमी वर्षा होती है और मानसून लौट चुका होता है, लेकिन इस बार अब तक 54 मिमी से अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, इस बार मानसून की वापसी में करीब 10 दिन की देरी हो सकती है। पिछले 24 घंटों में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और बस्तर संभाग के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सबसे अधिक वर्षा नारायणपुर और फरसगांव में 60 मिमी दर्ज की गई। राज्य में सबसे ज्यादा तापमान 31.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया।

#### 15 अक्टूबर के बाद मानसून लौटने के आसार

मौसम विभाग के मुताबिक, 30 सितंबर तक हुई बारिश को मानसून की बारिश माना जाता है, जबकि इसके बाद की बारिश को 'पोस्ट मानसून' यानी मानसून के बाद की बारिश माना जाता है। फ्लिहाल देश के कई हिस्सों से मानसून की वापसी शुरू हो चुकी है।

छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 5 अक्टूबर के आसपास सरगुजा की तरफसे मानसून लौटना शुरू होता है, लेकिन इस बार वापसी में देरी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस बार प्रदेश में मानसून करीब 15 अक्टूबर के बाद लौटेगा, यानी सामान्य से करीब 10 दिन देरी से।

### एनजीओ घोटाला...सीबीआई ने 14 लोगों के खिलाफ जांच तेज की

# समाज-कल्याण विभाग में दबिश, दस्तावेज ले गए अफसर, मंत्री-अफसरों पर भ्रष्टाचार का आरोप

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के एनजीओ घोटाले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने तेज कर दी है। सीबीआई के अधिकारी मना स्थित समाज कल्याण विभाग कार्यालय पहुंचे और डिप्टी डायरेक्टर से स्टेट रिसोर्स सेंटर (एसआरसी) से संबंधित दस्तावेज मांगे।

अधिकारियों ने एनजीओ से जुड़े तीन बंडल दस्तावेजों की फोटो कॉपी भी ली। सीबीआई ने कहा है कि इन दस्तावेजों की जांच की जाएगी और उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में एक मंत्री और 7 आईएएस सहित कुल 14 लोगों का नाम सामने आया है।

दरअसल, 2004 में समाज कल्याण मंत्री रहीं रेणुका सिंह, रिटायर्ड आईएएस विवेक ढांढ, एमके राउत, डॉ. आलोक शुक्ला, सुनील कुजूर, बीएल अग्रवाल, सतीश पांडे और पीपी श्रोती ने मिलकर 2 एनजीओ बनाए। एनजीओ के करप्शन में राज्य प्रशासनिक सेवा के 6 अधिकारियों को भी शामिल किया।

एनजीओ को दिव्यांगों की भलाई के लिए बनाया था, जिसके तहत सुनने की मशीनें, व्हील चेयर, ट्राई साइकिल, कैलिपर और कृत्रिम अंग जैसी चीजें वितरण करना, अवेयर करना, उनकी देख-रेख करना था, लेकिन एनजीओ को सिर्फ कागजों पर कर दिया। जमीन पर एनजीओ गायब था।

**बिना मान्यता के चल रहा था एनजीओ:** मंत्री और आईएएस ने ऐसा सिस्टम बनाया था कि एनजीओ को समाज कल्याण विभाग से मान्यता भी नहीं मिली, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के तहत एनजीओ के खाते में करोड़ों रुपए ट्रांसफर हुए। ये सिलसिला करीब 14 साल तक चला।

नियम कहता है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी एनजीओ में मेंबर नहीं हो सकता है, वह अवैध है, लेकिन मंत्री के साथ अधिकारियों ने मिलकर ये संस्था बना ली। एनजीओ बनने के 45 दिन में चुनाव होना चाहिए था, लेकिन 17 साल तक कोई चुनाव नहीं हुआ। प्रबंधकारिणी की कोई बैठक नहीं हुई। इसका कोई ऑडिट नहीं किया गया।



#### ऐसे हुआ योजना, नियुक्ति, सैलरी का स्कैम

कुंदन जब फाइलों के पन्ने पलटते हैं तो सबसे बड़ा राज सामने आता है। नामों की लिस्ट लंबी है, लेकिन कई नाम ऐसे हैं जो असल में कहीं काम ही नहीं कर रहे थे। दस्तावेज बताते हैं कि एक ही आदमी को 2 से 3 जगह पदस्थ दिखाया गया। यानी कुर्सी एक थी, लेकिन सैलरी 2 जगह से निकाली जा रही थी। दस्तावेजों के मुताबिक एनजीओ ने कागजों पर नई-नई नियुक्तियां की, लेकिन जमीन पर इन कर्मचारियों का कोई अस्तित्व ही नहीं था। नकली नियुक्तियां हुई और फ्रि उनकी आड़ में फ्र्जी सैलरी निकाली गई। करीब 30 कर्मचारियों का सालाना वेतन 34 लाख रुपए दिखाया गया। आरटीआई से मिली जानकारी के मुताबिक केवल 5 साल में ये रकम बढ़कर 1 करोड़ 70 लाख रुपए से ज्यादा हो गई। 2004 से 2018 तक इस एनजीओ के खाते में समाज कल्याण विभाग और उसकी शाखाओं से सीधा पैसा भेजा जाता रहा। योजनाओं का पैसा भी सीधे एनजीओ के खाते में ट्रांसफर होता रहा।

#### हाईकोर्ट के आदेश पर जांच में क्या-क्या मिला

हाईकोर्ट के निर्देश के बाद तत्कालीन मुख्य सचिव अजय सिंह ने डॉ. कमलप्रीत सिंह को जांच सौंपी। यह जांच रिपोर्ट अब कोर्ट में शासन की ओर से पेश की गई है।

**जांच में क्या मिला-** एसआरसी के रजिस्ट्रेशन के बाद से एक भी ऑडिट नहीं हुआ। फर्जी नियुक्तियां की गईं और कर्मचारियों को नकद में वेतन दिया गया।

**सरकार का कोर्ट में जवाब-** सेंटर माना भौतिक रूप से संचालित है। यहां 2012-2018 के बीच 4000 मरीजों को कृत्रिम अंग लगाए गए। 2014-15 में ऑडिट कराया गया था। भुगतानों में अस्पष्टता को स्वीकारा गया।

**जांच में क्या मिला-** याचिकाकर्ता कुंदन ठाकुर समेत अन्य कर्मचारियों का वेतन दूसरी शाखाओं से भी निकाला गया। खुद कर्मचारियों को इसकी जानकारी नहीं थी।

**सरकार का कोर्ट में जवाब-** सेंटर कुंदन ठाकुर की नियुक्ति का मूल विभाग स्वावलंबन केंद्र, मठपुरैना है। मार्च 2015 के सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है कि उन्हें दो जगहों से मानदेय मिल रहा था। शेष भुगतान चेक के जरिए किया गया।

**जांच में क्या मिला-** एनजीओ, एसआरसी में फर्जी नियुक्तियां की गईं।

**सरकार का कोर्ट में जवाब-** कार्यालय अवधि में 21 कर्मचारी नियमित सेवाएं दे रहे थे। 2017 से 11 कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग के जरिए निराश्रित निधि से भुगतान हुआ। बाकी 11 कर्मचारियों का भुगतान शासन से पीआरआसी के जरिए किया जाता रहा। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने पुराने एफआईआर पर दोबारा जांच शुरू कर दी है। इस जांच में जब बाकी जिलों का हिसाब सामने आएगा, तो कई और बड़े नाम एक्सपोज हो सकते हैं।

#### ऐसे खुला घोटाले का राज

» एनजीओ के घोटाले की जानकारी 2016 में हुई थी। संविदा कर्मचारी कुंदन ठाकुर 2008 से मठपुरैना स्वावलंबन केंद्र (पीआरआरसी) में संविदा पर नौकरी कर रहे थे। इसी दौरान पता चला कि साथ में काम करने वाले कुछ कर्मचारी रेगुलर हो रहे हैं, तो वह भी अपनी नौकरी रेगुलर कराने के लिए समाज कल्याण विभाग में आवेदन देने पहुंचे।

» इस दौरान कुंदन को पता चला कि वह पहले से सहायक ग्रेड-2 के पद पर पदस्थ हैं। उनके नाम पर दूसरी जगह से 2012 से वेतन निकल रहा है। ये सुनकर कुंदन सकते में आ गए। इसके बाद कुंदन ने आरटीआई लगाई और पूरी जानकारी जुटाई।

» आरटीआई से पता चला कि उनके ही जैसे रायपुर में 14 और बिलासपुर में 16 कर्मचारी हैं, जिन्हें 2 जगहों पर पदस्थ दिखाया गया। हर महीने उनके नाम पर सैलरी निकाली जा रही है। कुंदन ने एनजीओ स्कैम के शिकार दूसरे कर्मचारियों से संपर्क किया, लेकिन किसी ने साथ नहीं दिया। मामला कोर्ट पहुंचने पर कुंदन को नौकरी से निकाल दिया गया।

# रायपुर में साइबर ठगी से बचने बैंक अधिकारियों की मीटिंग



■ **एसएसपी बोले- डिमांड ड्राफ्ट को वेरिफाई करें, बार-बार खाता खुलवाने वालों पर नजर रखें**

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** रायपुर पुलिस ने साइबर ठगी से बचने के लिए बैंक अधिकारियों की मीटिंग ली। जिसमें 12 बिंदुओं पर चर्चा की गई। एसएसपी ने डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से पैसे ट्रांसफर करवाकर हो रही ठगी के मामले में बैंक अधिकारियों को वेरिफाई प्रोसेस करने को कहा है।

इसके अलावा जो व्यक्ति बार-बार बैंक में खाता खुलवाने आ रहा है। उस पर निगरानी बढ़ाने के लिए कहा गया है। पुलिस का आशंका है कि ऐसे मामले म्यूल अकाउंट से जुड़े हो सकते हैं। यह बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने सिविल लाइन रायपुर स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में ली। जिसमें रायपुर के लीड बैंक मैनेजर और विभिन्न बैंकों के लीगल हेड अधिकारियों की बैठक ली गई।

इस बैठक में ष्टस्क्क आजाद चौक ईशु अग्रवाल, ष्टस्क्क क्राइम संजय सिंह, ष्टस्क्क कोतवाली केशरी नंदन नायक, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन रमाकांत साहू, उप पुलिस अधीक्षक नरेश पटेल, उप पुलिस अधीक्षक निशिथ अग्रवाल, लीड बैंक मैनेजर मोफ्जि मोहम्मद सहित रायपुर के विभिन्न बैंकों के लीगल हेड अधिकारी मौजूद थे।

#### इन बिन्दुओं पर चर्चा

- » ऑनलाइन ठगी का शिकार होकर बैंक आने वाले पीड़ित को दूसरे जगह न भेजकर टोल फ्री नंबर 1930 में कॉल करने के प्रेरित करें या साइबर क्राइम रिपोर्ट पोर्टल पर जाकर रिपोर्ट करने कहे, दूसरे बैंक में न भेजे। साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल का टोल फ्री नंबर 1930 को बैंक में दिखवाएं।
- » बैंक में यदि कोई खाता खुलवाने आता है। उसके भौतिक सत्यापन जैसे मोबाइल में मैसेज के माध्यम से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर कर सत्यापन करें।
- » कॉर्पोरेट खाता खोलते समय सत्यापन करें। 15 दिन के बाद फ्रि दिये गये पते पर जाकर वेरिफाई करें।
- » बैंक में CCTV कैमरा होने की बात स्पष्ट लिखकर चस्पा करें। बैंक के प्रवेश एवं पिछले हिस्से में सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने निर्देश दिये गये।
- » संदेही ट्रांजेक्शन के संबंध में बैंक क्या करती हैं, के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।
- » डिमांड ड्राफ्ट का वेरिफाई करने के उपरांत ही रकम ट्रांसफर करने कहा गया।
- » बैंक खाता खोलते समय गारंटर का उपयोग करने निर्देश दिए गए।
- » चौथी स्तर के बाद डिस्ट्रीब्यूट अमाउंट को वेरिफाई कर रकम को होल्ड कर बैंक खाता को चालू रखने कहा गया।
- » लीगल डिपार्टमेंट हेतु एक बैंक अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही लीगल डिपार्टमेंट में एक मोबाइल नंबर जारी करने ताकि अधिकारी का स्थानांतरित होने पर परेशानी न हो के संबंध में निर्देश दिया गया।
- » बैंक में बार-बार खाता खोलने वाले व्यक्ति विशेष को चिह्नांकित कर जानकारी पुलिस को भेजने कहा गया।
- » पुलिस की जानकारी मांगे जाने पर तत्काल जानकारी भेजना सुनिश्चित करें ताकि प्रकरण की अग्रिम कार्रवाई में बाधा उत्पन्न न हों।

# राशनकार्ड से हटाए गए 1.93 लाख से ज्यादा सदस्य

■ **राशन कार्डों के भौतिक सत्यापन के बाद लिया निर्णय**

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** प्रदेश के सभी जिलों में खाद्य विभाग के द्वारा राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन कराने के बाद पूरे प्रदेश में 82 लाख 63 हजार राशन कार्ड जारी किए गए हैं। जिसमें सदस्यों की संख्या 2 करोड़ 73 लाख 61 हजार 287 हैं। खाद्य विभाग द्वारा कराए गए भौतिक सत्यापन के दौरान पूरे प्रदेश के 1 लाख 93 हजार 67 सदस्यों के नाम राशन कार्ड से निरस्त किए गए हैं। खाद्य विभाग के द्वारा राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन के दौरान राशन कार्ड में कई ऐसे सदस्यों के नाम सामने आए हैं जिनकी या तो मौत हो गई है या फ्रि जो पलायन कर गए हैं। रायपुर जिले में 6 लाख 96 हजार राशन कार्ड जारी किए गए हैं। भौतिक सत्यापन के दौरान इसमें रायपुर जिले के 17351 सदस्यों के नाम कार्ड से निरस्त किए गए। पलायन करने वाले लोग अगर वापस आकर कार्ड में अपना नाम जुड़वाना चाहते हैं तो फिर से खाद्य विभाग के द्वारा नाम जोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। रायपुर जिले के फू ड कंट्रोलर भूपेंद्र मिश्रा ने बताया जिले में राशन कार्डों के सत्यापन का कार्य किया गया है। रायपुर जिले में 6 लाख 96 हजार राशन कार्ड जारी किए गए हैं। भौतिक सत्यापन के दौरान डोर टू डोर जाकर जनपद स्तर पर जनपद के कर्मचारी और नगरीय निकाय स्तर पर जोन के कर्मचारियों के द्वारा सत्यापन किया गया है। इस दौरान जिनकी मौत हो गई है और जो लोग पलायन कर चुके हैं, उनके राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं। जिले में ऐसे लोगों की संख्या 17 हजार 351 है, जिनके राशन कार्ड निरस्त किए गए हैं।

#### छत्तीसगढ़ में लगभग 2 लाख राशन कार्ड निरस्त

पूरे प्रदेश में 82 लाख 63 हजार राशन कार्ड जारी किए गए हैं. जिसमें सदस्यों की संख्या 2 करोड़ 73 लाख 61 हजार 287 सदस्य हैं. खाद्य विभाग द्वारा कराए गए भौतिक सत्यापन के दौरान पूरे प्रदेश के 1 लाख 93 हजार 67 सदस्यों के नाम राशन कार्ड से निरस्त किए गए हैं।



#### इन जिलों में निरस्त किए गए इतने सदस्यों के नाम

रायपुर जिले के 17351 सदस्यों के नाम राशन कार्ड से निरस्त किए गए। बिलासपुर जिले में 17067 सदस्य, दुर्ग जिले से 15711, कोरबा जिले से 10221, जशपुर जिले से 9681, सरगुजा जिले से 8859, महासमुंद जिले से 8437, बलौदा बाजार जिले से 8335, सक्ति जिले से 7669, राजनादगांव जिले से 6879 सदस्यों के नाम राशन कार्ड से निरस्त किए गए।

# बच्चों के लिए जानलेवा सिरप पर छत्तीसगढ़ शासन ने लगाया प्रतिबंध

### दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नहीं पिलाया जाएगा कप सिरप : चौधरी

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** केंद्र शासन के निर्देश पर छग राज्य के सभी प्राथमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा जिला अस्पताल में छोटे बच्चों को सिरप पिलाने पर प्रतिबंध कर दिया गया है। छग राज्य में गत दिनों दूसरे प्रदेशों में खतरनाक सिरप से बच्चों की जान जाने के बाद यह कदम छग राज्य के ड्रग प्रशासन द्वारा उठाया गया है। रायपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मप्र, राजस्थान सहित अनेक राज्यों में मेट्रो फ्लोरिडिया नामक सिरप से कई बच्चों की जान चली गई है। छग शासन द्वारा इस पर पूर्णत रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। मप्र के छिंदवाड़ा जिले में हुई घटना के बाद हड़कंप मच गया है। परासिया सहित अनेक स्थानों पर यह घटना हुई है। झारखंड में भी इस दवाई पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। छग राज्य में फिलहाल दो वर्ष के कम के बच्चों को सिरप पिलाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता के अनुसार इसका पालन प्रतिपालन करने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक सामुदायिक एवं जिला अस्पतालों को दिया गया है। जानलेवा सिरप पिलाने की घटना से कई अभिभावक चिंतित हो गये है। इन अभिभावकों ने अमानक दवा बनाने वाले कंपनी पर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। झारखंड में भी इस जानलेवा सिरप पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा अन्य राज्यों में भी यह कदम उठाया जा रहा है। बताया जाता है कि इस दवाई में अनेक खतरनाक किस्म के केमिकल मिला दिये गये है जो कि जानलेवा सिद्ध हो रहे हैं। छग राज्य में भी औषधि प्रशासन द्वारा उचित कार्रवाई की जा रही है। इसको लेकर दवा विक्रेताओं में हड़कंप मचा हुआ है। शीघ्र ही इन खतरनाक सिरप की जब्ती भी की जाएगी।

**सियासत** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पोस्ट पर विधायक अजय चंद्राकर का पलटवार

# 'कांग्रेस के पास जनहित का कोई मुद्दा नहीं, वर्षों पहले जनता से कट चुकी है'

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के व्यापारी हेमंत चंद्राकर को लेकर किए गए पोस्ट पर भाजपा के वरिष्ठ विधायक अजय चंद्राकर ने हमला बोला है। उन्होंने कहा, भूपेश बघेल का किसी भी एजेंसी पर टिप्पणी करना पैशन हो गया है। कहने को वो राजनीतिक नेता है, मगर उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। जनहित के मुद्दों से कांग्रेस वर्षों से कट चुकी है।

तीखी टिप्पणी के लिए जाने जाने वाले भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, राहुल गांधी को पाक-साफ रखने, किसी न किसी को जिम्मेदार बताना पड़ेगा, इसलिए कांग्रेस एजेंसियों को जिम्मेदार बता रही है। गांधी परिवार के कारण हारे, ऐसा कहना कांग्रेसियों के लिए ब्रह्महत्या के बराबर का पाप है।

वहीं संगठन सृजन अभियान पर तंज कसते हुए कहा, कांग्रेस में आदमी और कार्यकर्ता बचे नहीं हैं, पार्टी में जितने लोग हैं, सभी दावेदार हैं। कांग्रेस की बदहाली के लिए सहानुभूति व्यक्त की जा सकती है। कांग्रेस की अंत्येष्टि करने छत्तीसगढ़ में उनकी पर्याप्त संख्या है। 12 बिंदु, 24 बिंदु, 36 बिंदु या चाहे जितना लंबा पहाड़ा गिन लें, चेहरों को उबारने का कोई तरीका कांग्रेस के पास है क्या? कांग्रेस में सभी चेहरों पर कालिख लगी हुई है।



#### आकाओं को खुश करने के लिए ऐसा बयान देते हैं

वहीं गांधी परिवार की वजह से हार कहने पर ब्रह्महत्या के बराबर पाप लगने वाले बयान पर विकास उपाध्याय ने कहा, अजय चंद्राकर अपने आला नेताओं को खुश करने अलग-अलग बात करते हैं। उनकी अलग कार्यशैली चल रही जो किसी से छिपी नहीं है। जो विचारधारा इस देश को तोड़ना नहीं चाहती। भाजपा उनको अपने हाथ की कठपुतली बनाना चाह रही है। भाजपा प्रदेशों में तो चुनाव जीता नहीं पा रही है। इनके नेता आकाओं को खुश करने के लिए ऐसा बयान देते हैं। वहीं बिहार चुनाव को लेकर विधायक अजय चंद्राकर के बयान पर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि भाजपा की एलायंस सरकार बिहार में है। भाजपा ने निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर 65 लाख लोगों के नाम कटवाए। अजय चंद्राकर बिहार को लेकर बयान देते हैं, वहां भाजपा की आपसी लड़ाई है, उस पर भाजपा नहीं कह रही है। बिहार में राहुल गांधी की यात्रा, समेत तमाम नेताओं की यात्रा में भीड़ देखी जा रही है।

#### बिहार चुनाव में बड़े भाई की भूमिका निभाएंगे

बिहार चुनाव के लिए भूपेश बघेल की भूमिका को लेकर विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस में सीनियर ऑब्जर्वर बना दें या कुछ भी बना दें। सवाल यह है कि कितनी सीटें लाएंगे। बड़े भाई की भूमिका निभाएंगे, या छोट भाई की। बीजेपी नेताओं की जहां ड्यूटी लगती है, वहां जाते हैं। वहीं एनएसयूआई के प्रदर्शन पर विधायक अजय चंद्राकर ने सवाल किया कि क्या एनएसयूआई के लोग पढ़ना-लिखना बंद कर चुके हैं? क्या एनएसयूआई के पास शैक्षणिक मामले नहीं है? गृहमंत्री से कहूंगा कि बच्चों पर कार्रवाई ना करे।

#### विकास का पलटवार: पागल हो गए हैं चंद्राकर

वहीं कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर बीजेपी विधायक अजय चंद्राकर के बयान पर कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी और भाजपा में यही फर्क। भाजपा में किन लोगों की चलती, किस तरह के पदाधिकारी बनते हैं, किसी से छिपा नहीं है. कांग्रेस पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है। अजय चंद्राकर का दिमाग खराब हो चुका है। कैबिनेट मंत्री वापस नहीं बन पाए, तो वे पागल हो गए हैं।

# छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की दूसरी परीक्षा के नतीजे घोषित

**रायपुर, 7 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा अगस्त माह में आयोजित कक्षा 10वीं और 12वीं की दूसरी परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। 12वीं कक्षा में कुल 46.28 प्रतिशत और 10वीं में 30.02 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए हैं। इस बार 12वीं में बालिकाओं ने 47.64% सफलता के साथ बालकों से बेहतर प्रदर्शन किया, वहीं 10वीं में भी बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 32.67 रहा जबकि बालकों का 28.35 प्रतिशत। 12वीं परीक्षा में कुल 15,036 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 14,269 ने परीक्षा दी और 11,718 का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें 903 प्रथम श्रेणी, 2,168 द्वितीय, 2,247 तृतीय और 106 पास श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। वहीं 10वीं परीक्षा में 19,249 पंजीकरण में से 17,834 विद्यार्थी




परीक्षा में शामिल हुए और 17,821 के परिणाम जारी हुए, जिसमें 749 प्रथम श्रेणी, 2,008 द्वितीय, 2,554 तृतीय और 39 पास श्रेणी से सफल रहे। अब ओपन स्कूल द्वारा तीसरी परीक्षा नवंबर-दिसंबर माह में आयोजित की जाएगी, जिसकी आवेदन प्रक्रिया जारी है। अगस्त परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के 15 अक्टूबर तय की गई है, जबकि अन्य विद्यार्थियों के लिए अंतिम तिथि 8 अक्टूबर और विलंब शुल्क के साथ 15 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26